E PAPER

# थिंक राजस्थान

सोच नई, राजस्थान के लिए

वर्ष: 01 अंक: 54 पृष्ठ: 8 अंग्रेजी/हिन्दी (दैनिक) जयपुर, रविवार 06 सितंबर, 2026 मूल्य: ₹10.00 प्रभात RNI NO. RJMUL/26/A4290

## दिनेश शर्मा को BJP ने सौंपी बड़ी जिम्मेदारी, बने अंडमान-निकोबार के नए उपराज्यपाल, राष्ट्रपति ने जारी किया आदेश



थिंक राजस्थान

श्री विजयपुरम। अंडमान एंड निकोबार को अपना नया उपराज्यपाल मिल गया है। भाजपा ने यह जिम्मेदारी उत्तर प्रदेश के पूर्व उपमुख्यमंत्री दिनेश शर्मा को सौंपी है। वह फिलहाल 2023 से राज्यसभा सांसद हैं। इसके बाद अब पार्टी ने उन्हें नई जिम्मेदारी सौंपी है। वह साल 2017 से लेकर 2022 तक मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार में डिप्टी सीएम की जिम्मेदारी संभाल चुके हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने दिनेश शर्मा को अंडमान एंड निकोबार द्वीप समूह के लेफ्टिनेंट गवर्नर के पद पर नियुक्त किया है। शनिवार (5 सितंबर) की रात राष्ट्रपति भवन की तरफ से एक अधिसूचना जारी की गई है, जिसमें उन्हें उपराज्यपाल बनाया गया है। दिनेश शर्मा सीएम योगी सरकार में डिप्टी सीएम पद की जिम्मेदारी संभाल चुके हैं। इससे पहले वे दो बार लखनऊ के मेयर भी बने थे। साल 2006 से उन्होंने लखनऊ मेयर की जिम्मेदारी संभाली थी। इसके अलावा वह भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष समेत कई प्रमुख राष्ट्रीय पदों पर काम कर चुके हैं। वह लखनऊ विश्वविद्यालय में कॉमर्स डिपार्टमेंट में प्रोफेसर के रूप में कार्य कर चुके हैं। यहीं से उन्होंने पीएचडी, एमकॉम और डी.पी.ए. की डिग्री प्राप्त की है। इसके अलावा उन्होंने कॉमर्स के क्षेत्र में कई किताबें और रिसर्च पेपर भी लिखे हैं। दिनेश शर्मा का जन्म 12 जनवरी, 1964 को हुआ था। लखनऊ का मेयर बनने से पहले वह लखनऊ यूनिवर्सिटी में प्रोफेसर के पद पर काम करते थे। उनके राजनीतिक टैलेंट को पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने पहचाना था। उन्होंने राजनीति में कदम आरएसएस और अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद से रखा था। इसके बाद उन्हें उत्तर प्रदेश भाजपा संगठन का युवा अध्यक्ष बनाया गया। इस दौरान उन्होंने अच्छी-खासी पहचान बनाई थी। दिनेश शर्मा ने साल 2006 में लखनऊ के मेयर पद की जिम्मेदारी संभाली। इसके बाद साल 2012 में उन्हें दोबारा मेयर बनाया गया। फिर साल 2014 के लोकसभा चुनाव में उन्हें प्रत्याशी बनाया गया और चुनाव जीत गए। इसके बाद उन्हें राष्ट्रीय उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई और 19 मार्च, 2017 को यूपी सरकार में डिप्टी सीएम बनाया गया। दिनेश शर्मा की नई जिम्मेदारी के बाद अंडमान एंड निकोबार द्वीप समूह के प्रशासन में भी उनके अनुभव का इस्तेमाल किए जाने की उम्मीद है। उपराज्यपाल के तौर पर उनके सामने केंद्र शासित प्रदेश में प्रशासनिक व्यवस्था को प्रभावी बनाए रखने के साथ-साथ विकास कार्यों को गति देने की चुनौती होगी। द्वीप समूह की भौगोलिक परिस्थितियां और रणनीतिक महत्व इसे देश के अन्य हिस्सों से अलग बनाते हैं। अंडमान एंड निकोबार में पर्यटन, कनेक्टिविटी, आधारभूत ढांचे और स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर बढ़ाना प्रमुख विषयों में शामिल हैं। इसके अलावा द्वीपों में पर्यावरण संरक्षण और विकास के बीच संतुलन बनाए रखना भी प्रशासन के लिए महत्वपूर्ण रहेगा। नई जिम्मेदारी संभालने के बाद इन क्षेत्रों पर उनकी प्राथमिकताओं को लेकर भी नजर रहेगी। दिनेश शर्मा के पास संगठन और सरकार दोनों स्तरों पर काम करने का लंबा अनुभव है। मेयर से लेकर उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री और राज्यसभा सांसद तक अलग-अलग भूमिकाएं निभाने के बाद अब उन्हें संवैधानिक पद की जिम्मेदारी मिली है। ऐसे में उनके प्रशासनिक और राजनीतिक अनुभव का इस्तेमाल केंद्र शासित प्रदेश के कामकाज में होने की संभावना है।

### सचिन पायलट पंजाब, सुरजेवाला गुजरात और भूपेश बघेल असम के प्रभारी बने

थिंक राजस्थान

नई दिल्ली। कांग्रेस ने शनिवार को बड़ा संगठनात्मक बदलाव करते हुए कई राज्यों के लिए अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) के नए प्रभारी नियुक्त किए हैं। पार्टी नेतृत्व ने आगामी चुनावों और संगठन को मजबूत करने की रणनीति के तहत यह फेरबदल किया है। नई नियुक्तियों के तहत सचिन पायलट को पंजाब का एआईसीसी प्रभारी बनाया गया है, जबकि रणदीप सिंह सुरजेवाला को गुजरात की जिम्मेदारी सौंपी गई है। सुरजेवाला को कर्नाटक का अतिरिक्त प्रभार भी दिया गया है। वहीं, भूपेश बघेल को असम, सुखदेव भगत को छत्तीसगढ़, श्रीवेल्ला प्रसाद को महाराष्ट्र और पी.वी. मोहन को आंध्र प्रदेश का प्रभारी नियुक्त किया गया है। पार्टी ने स्पष्ट किया है कि मुकुल वासनिक महासचिव के पद पर बने रहेंगे और उनकी जिम्मेदारियों में कोई बदलाव नहीं किया गया है। इस फैसले के तहत कल्पा, निचार और पूह ब्लॉक कांग्रेस कमेटियों के साथ-साथ जिला कांग्रेस कमेटी किन्नौर को भी भंग कर दिया गया है। जारी अधिसूचना में कहा गया है कि किन्नौर जिले की सभी ब्लॉक और जिला कांग्रेस कमेटियों का जल्द ही पुनर्गठन किया जाएगा।

## SRCC में PM मोदी का कांग्रेस पर निशाना, कहा- 2013 तक निराशा के दलदल में धंसा था देश



थिंक राजस्थान

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को दिल्ली यूनिवर्सिटी के श्री राम कॉलेज ऑफ कॉमर्स (SRCC) के शताब्दी समारोह कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कांग्रेस शासन का जिक्र करते हुए निशाना साधा है।

उनका कहना है कि देश साल 2013 तक निराशा के दलदल में दबा हुआ था। उन्होंने कहा कि विकास फर्श पर और महंगाई अर्श पर थी। घोटाले चरम पर थे और भ्रष्टाचारी बेखौफ घूम रहे थे। प्रधानमंत्री ने अपने मुख्यमंत्री कार्यकाल का जिक्र करते हुए कहा, '2013 में मैं मुख्यमंत्री तो था, लेकिन देश की मुख्य विपक्षी पार्टी का एक सदस्य भी था, लेकिन विपक्ष में होने के बाद भी, तत्कालीन सरकार का आलोचक होने के बावजूद मैंने इस मंच का वो इस्तेमाल नहीं किया था। मैंने एक विजन रखा, सकारात्मक बातें कहीं। मैंने तब जो कुछ कहा, वो मेरा Conviction था। उसको मैं जीता रहा और रास्ते पर चलता रहा।' पीएम मोदी ने कहा, 'मैंने उस दिन पानी के ग्लास का उदाहरण दिया था। मैंने बताया कि पानी के आधे भरे ग्लास को देखने के तीन नजरिए क्या होते हैं- पहला, आधा भरा दिखता है, दूसरा, आधा खाली दिखता है और तीसरा, जिनको पूरा भरा हुआ दिखता है, वो आधा पानी और आधा हवा से भरा हुआ।'

## पाकिस्तान की रणनीति पर पूर्व CDS का बड़ा खुलासा, परमाणु हथियारों को लेकर भी दी चेतावनी



थिंक राजस्थान

नई दिल्ली। भारत के पूर्व सीडीएस अनिल चौहान ने पाकिस्तान को लेकर बड़ा बयान जारी किया है। उनका कहना है कि आने वाले समय में पाकिस्तान देश की सुरक्षा के लिए चिंता और खतरे का विषय बना रहेगा। उन्होंने बताया कि परमाणु हथियारों के अस्तित्व ने एपेक्स लेवल पर एक हद तक रणनीतिक स्थिरता तो कायम कर ली है, लेकिन इसके कारण निचले स्तर पर अस्थिरता बढ़ गई है। इसे पारंपरिक तौर पर स्टेबिलिटी-इंस्टेबिलिटी पैराडॉक्स के रूप में देखा जाता है। न्यूज एजेंसी ANI ने अपनी रिपोर्ट में बताया कि पूर्व सीडीएस अनिल चौहान शनिवार को नई दिल्ली के एक कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने कहा, 'पाकिस्तान की रणनीति यह रही है कि उसने पारंपरिक सैन्य अभियानों की गुंजाइश को कम कर दिया है और आतंकवाद और सीमा पार गतिविधियों जैसे सब-कंवेंशनल ऑपरेशनों को बढ़ावा दिया है। वह परमाणु हथियारों के कारण पारंपरिक कंवेंशनल ऑपरेशनों की गुंजाइश को सीमित करना चाहता है।' उनका आगे कहना है, 'आतंकवाद और प्रॉक्सी वॉर हमारे लिए एक बड़ी चुनौती बने रहेंगे। इसे हराने का एकमात्र तरीका क्रेडिबल डिटरेंस को तैयार करना है। भारत ने सीमा पार किए गए तीन ऑपरेशनों, उरी, बालाकोट और फिर ऑपरेशन सिंदूर, के जरिए इसका प्रदर्शन किया है।' अनिल चौहान ने पाकिस्तान के आतंकवाद पर जोर देते हुए कहा, 'भारत को पाकिस्तान के इस प्रॉक्सी वॉर और आतंकवाद जैसी घिनौनी हरकतों के अंजाम को इस हद तक बढ़ाना होगा कि वह इसे अपनी स्टेट पॉलिसी के एक साधन के रूप में इस्तेमाल करना बंद कर दे।' कभी-कभी मुझे लगता है कि इससे पाकिस्तान में किसी तरह का ओवर-कॉन्फिडेंस पैदा हो सकता है और वह फिर कोई गलत आकलन कर सकता है।'

## उदयपुर में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के रोड शो : श्यामा प्रसाद मुखर्जी को नमन कर साधा मिशन 60 प्लस

थिंक राजस्थान

उदयपुर। झीलों की नगरी उदयपुर में नगर निगम चुनाव 2026 की सियासी जंग अपने चरम पर पहुंच गई है। शनिवार को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शहर के ऐतिहासिक परकोटे में एक भव्य और विशाल 'मेगा रोड शो' कर भारतीय जनता पार्टी के चुनावी अभियान का औपचारिक आगाज किया। सूरजपोल से देहली गेट तक निकले इस शक्ति-प्रदर्शन के जरिए भाजपा ने न केवल अपनी एकजुटता और ताकत का अहसास कराया, बल्कि शहर के 80 वार्डों में से 60 से अधिक सीटें जीतकर सातवीं बार भगवा बोर्ड बनाने के 'मिशन 60+' का हुंकार भरा। वहीं दूसरी तरफ, कांग्रेस खेमे से भी राहत भरी खबर सामने आई, जहां वार्ड संख्या 1 से ताल ठोक रहे बागी निर्दलीय प्रत्याशी ने कांग्रेस उम्मीदवार के समर्थन में अपना नाम वापस ले लिया।

महापुरुष को नमनः रोड शो की शुरुआत से पहले मुख्यमंत्री ने सूरजपोल स्थित जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की प्रतिमा स्थल पर पहुंचकर विधिवत पुष्पांजलि अर्पित की और नमन किया।

रथ पर दिग्गजों का जमावड़ाः मुख्यमंत्री के साथ विशेष रूप से सजाए गए रथ (वाहन) पर जनजाति क्षेत्रीय विकास मंत्री बाबूलाल खराड़ी, वरिष्ठ भाजपा नेता राजेंद्र राठौड़, उदयपुर सांसद डॉ. मन्नालाल रावत, उदयपुर शहर विधायक ताराचंद जैन और उदयपुर ग्रामीण विधायक फूलसिंह मीणा सवार रहे।

फूलों से पटा बापू बाजारः सूरजपोल से शुरू होकर बापू बाजार होते हुए देहली गेट बैंक तिराहे तक निकले इस काफिले का व्यापारियों और शहरवासियों ने छतों से पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। डीजे और ढोल-नगाड़ों की थाप पर पार्टी कार्यकर्ता और पार्षद प्रत्याशी झूमते हुए आगे बढ़े।

उदयपुर नगर निगम भाजपा की राजनीति



का सबसे मजबूत और अभेद्य दुर्ग माना जाता हैः

1994 से अजेय रिकॉर्डः 1994 से लेकर आज तक, वार्डों की संख्या बढ़ने के बावजूद, पिछले 30 वर्षों (लगातार छह बोर्ड) से उदयपुर नगर निगम पर भाजपा का एकछत्र कब्जा रहा है।

बदले समीकरण और भितरघात की काटः इस बार मेयर का पद 'सामान्य (ओपन)' होने, नए परिसीमन के लागू होने और कई वार्डों में पार्टी से बगावत कर निर्दलीय उतरे बागियों के कारण मुकाबला पेचीदा हो चुका है। राजनीतिक विश्लेषकों के अनुसार, मुख्यमंत्री का यह रोड शो आंतरिक गुटबाजी को दबाने और असंतुष्ट कार्यकर्ताओं को एकजुट कर 60 से अधिक सीटें जीतने के लक्ष्य को साधने की रणनीति का हिस्सा है।

उन्होंने पार्टी हित को सर्वोपरि बताते हुए कांग्रेस के अधिकृत उम्मीदवार संजय शर्मा को अपना खुला समर्थन देने की घोषणा की।

### सहारनपुर में मस्जिद गिराए जाने पर विपक्षी दलों ने जताया एतराज

थिंक राजस्थान

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के सहारनपुर में एक अवैध मस्जिद को गिराए जाने के बाद सियासत तेज हो गई है। विपक्षी दलों ने प्रशासन की कार्रवाई पर सवाल उठाते हुए इसे कानून और संविधान का उल्लंघन बताया है। आईएएनएस से बातचीत में कांग्रेस नेता आसिम वकार ने प्रशासन की कार्रवाई पर सवाल उठाए।

उन्होंने कहा कि उन्होंने जिलाधिकारी से पूछा कि मस्जिद को क्यों गिराया गया? जिलाधिकारी की ओर से बताया गया कि मस्जिद सरकारी जमीन पर बनी थी। अगर सरकारी जमीन पर होने के कारण मस्जिद को गिराया गया है, तो जिलाधिकारी को अपने अधिकार क्षेत्र वाले पूरे जिले की सूची जारी करनी चाहिए, जिसमें यह बताया जाए कि सरकारी जमीन पर कितने धार्मिक स्थल बने हुए हैं। उनका सवाल केवल पार्कों या सड़कों पर बने धार्मिक स्थलों तक सीमित नहीं है, बल्कि सभी धार्मिक स्थलों को लेकर है।

## एसआरसीसी शताब्दी समारोह: प्रधानमंत्री मोदी ने मेट्रो से यात्रा की और स्मृति चिन्ह जारी किया



थिंक राजस्थान

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को दिल्ली विश्वविद्यालय के प्रतिष्ठित श्री राम कॉलेज ऑफ कॉमर्स (एसआरसीसी) के शताब्दी समारोह में भाग लिया। यह समारोह एसआरसीसी के 100 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में किया जा रहा है। यह कार्यक्रम शिक्षक दिवस के अवसर पर आयोजित किया गया था और प्रधानमंत्री दिल्ली मेट्रो से उत्तरी परिसर पहुंचने के बाद छात्रों, पूर्व छात्रों और संकाय सदस्यों को संबोधित किया। उन्होंने आखिरी बार 2013 में गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में इस महाविद्यालय का दौरा किया था। तेरह साल बाद, वे प्रधानमंत्री के रूप में लौटे और मेट्रो से यात्रा करते हुए छात्रों, बच्चों और सहयात्रियों से बातचीत की। अनौपचारिक बातचीत के वीडियो तुरंत व्यापक रूप से प्रसारित हो गए।

समारोह की शुरुआत में, प्रधानमंत्री मोदी ने शताब्दी के उपलक्ष्य में 100 रुपए का स्मृति चिन्ह जारी किया। इससे पहले, अप्रैल 2026 में, उन्होंने अपने आवास पर एसआरसीसी गवर्निंग बॉडी के साथ एक बैठक के दौरान संस्थान के 100 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में एक विशेष डाक टिकट जारी किया था। इस कार्यक्रम से पहले, प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट किया था कि वे शाम 7 बजे प्रतिष्ठित श्री राम कॉलेज ऑफ कॉमर्स में उपस्थित रहेंगे और इसकी शैक्षणिक उत्कृष्टता, संस्थान निर्माण और व्यापार, सार्वजनिक जीवन और समाज में नेताओं को तैयार करने में इसकी भूमिका की प्रशंसा की थी। समारोह में भारत के उच्च शिक्षा परिदृश्य में एसआरसीसी के अमिट योगदान को उजागर किया गया। अपने संबोधन में, प्रधानमंत्री ने पूर्व छात्रों के नाम लेकर शुरुआत की और कहा, "मैं छठा खिलाड़ी हूं। आज का अवसर ऐतिहासिक है। यह देश के शिक्षा क्षेत्र के लिए भी महत्वपूर्ण है। एसआरसीसी से जुड़ी कई पीढ़ियां यहां से जुड़ी हुई हैं।" उन्होंने कॉलेज के संस्थापक, उद्योगपति और परोपकारी सर श्री राम को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा, "मैं कॉलेज के संस्थापक सर श्री राम जी को भी धन्यवाद देता हूं। जब कोई व्यक्ति 100 वर्ष का जीवन जीता है, तो उसके अनुभव धन का सागर माने जाते हैं। और जब कोई संस्थान ऐसा करता है, तो वह उपलब्धियों का सागर बन जाता है।"

## विमेंस एशिया कप : भारतीय स्पिनर्स के आगे पाकिस्तानी बल्लेबाजों का 'सरेंडर'

थिंक राजस्थान

दुबई। 'विमेंस एशिया कप- 2026' के 9वें मुकाबले में भारतीय टीम ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए पाकिस्तान को 7 विकेट से हराया। दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में पहले बल्लेबाजी करते हुए पाकिस्तान की पूरी टीम सिर्फ 55 रन बनाकर ढेर हुई। इस मुकाबले में निराशाजनक प्रदर्शन के साथ ही पाकिस्तान के नाम शर्मनाक रिकॉर्ड भी दर्ज हो गया है। 55 रन पाकिस्तान का टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट में अब तक का न्यूनतम स्कोर है। इससे पहले, साल 2024 में न्यूजीलैंड के खिलाफ पाकिस्तान की पूरी टीम 56 रन बनाकर ऑलआउट हुई थी। भारतीय स्पिनर्स के आगे पाकिस्तान का बल्लेबाजी क्रम ताश के पत्तों की तरह बिखर गया। महामुकाबले में पाकिस्तान ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया, लेकिन टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही।

## स्वतंत्र भारद्वाज की एक दिन की पुलिस कस्टडी पर वकील बोले- परिवार को सूचना तक नहीं मिली



थिंक राजस्थान

नई दिल्ली। सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर स्वतंत्र भारद्वाज को पटियाला हाउस कोर्ट ने एक दिन की पुलिस कस्टडी में भेज दिया है। आरोपी के वकील उमेश शर्मा ने पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए कहा कि गिरफ्तारी के बाद परिवार को सूचना तक नहीं दी गई। वहीं, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता हरीश रावत और सांसद कुमारी सैलजा ने गिरफ्तारी में देरी को लेकर सरकार पर निशाना साधा और कहा कि सब कुछ सामने होने के बावजूद कार्रवाई में इतना वक्त क्यों लगा? वकील उमेश शर्मा ने कहा, 'दिल्ली पुलिस ने अपने हिसाब से, अपने विवेक का इस्तेमाल करते हुए उन्हें कहीं और पेश कराया। सुनने में आया है कि एक दिन की पुलिस कस्टडी दी गई है। हमारे देश का कानून ऐसा है कि आप जब भी किसी को गिरफ्तार करते हैं, तो 24 घंटे के अंदर मजिस्ट्रेट के यहां पेश कराना पड़ता है। एफआईआर में और भी धाराएं जोड़ी गई हैं। एक पॉक्सो, एससीएसटी के एक्ट जोड़े गए हैं। आईओ तय करेगा कि किस कोर्ट में उसे पेश कराए, क्योंकि सबकी कोर्ट अलग-अलग होती है।' उन्होंने कहा कि हमें सूचना नहीं दी गई। डीके बसु के फैसले के बाद से पुलिस के लिए जरूरी है कि आप जब किसी को गिरफ्तार करें, तो उसकी सूचना उनके करीबी को दें।

## संपादकीय

### श्री जेजेटी यूनिवर्सिटी में शिक्षक दिवस मनाया



**एजेंसी, थिंक राजस्थान**

झुंझुनूं। श्री जगदीशप्रसाद झाबरमल टिबडेवाला विश्वविद्यालय में भारत के पूर्व राष्ट्रपति व शिक्षाविद डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती के अवसर पर शिक्षक दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के आगे दीप प्रज्वलन कर व डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ हुई। सर्वप्रथम विश्वविद्यालय चेयरपर्सन डॉ.विनोद टिबडेवाला ने सभी शिक्षकों को शिक्षक दिवस की शुभकामनाएं प्रेषित की।

विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा शिक्षा, शोध एवं समाज सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले प्राध्यापकों एवं विभागाध्यक्षों को स्मृति चिह्न एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

विश्वविद्यालय की प्रेसिडेंट डॉ.मधु गुप्ता ने शिक्षक की विद्यार्थी जीवन में क्या भूमिका होती है पर अपने विचार रखते हुए कहा कि सभी शिक्षकों को तकनीकी को शिक्षा मे आत्मसात करना चाहिए। सभी शिक्षकों में अंताक्षरी, म्यूजिकल चेयर जैसी अनेक प्रतियोगिता आयोजित की गई।कार्यक्रम में कुलसचिव डॉ. अजीत कुमार, मुख्य वित्त अधिकारी डॉ.अमन गुप्ता, खेल सचिव डॉ. अरुण कुमार, डॉ.इकराम कुरैशी, डॉ. महेश सिंह राजपूत डॉ अनंता शांडिल्य व सभी स्टाफ सदस्य मौजूद रहे। कार्यक्रम समन्वयक डॉ.नाजिया हुसैन व डॉ.धर्मेंद्र कौशिक ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम का मंच संचालन डॉ. आरती पंवारने किया।

### पश्चिमी राजस्थान के खारे पानी में उगने वाली फसलों पर किए जा सकेंगे महत्वपूर्ण शोध

**एजेंसी, थिंक राजस्थान**

जोधपुर। पश्चिमी राजस्थान में खारे पानी और लवणता की गंभीर समस्या है, इसके चलते उपजाऊ जमीन बंजर होती है साथ ही फसलें भी सूख जाती है। किसानों के लिए यह समस्या अत्यंत गंभीर है। अब इस समस्या के समाधान पर जल्द ही अनुसंधान कार्य किया जा सकेंगे। गौरतलब है कि शनिवार को कृषि विश्वविद्यालय जोधपुर ने वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद (CSIR) की प्रमुख प्रयोगशाला' केंद्रीय नमक व समुद्री रसायन अनुसंधान संस्थान, भावनगर गुजरात के साथ समझौता ज्ञापन किया। इस समझौता ज्ञापन पर कृषि विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रोफेसर वीरेंद्र सिंह जैतावत एवं केंद्रीय नमक व समुद्री रसायन अनुसंधान संस्थान की ओर से प्रधान वैज्ञानिक, डॉ डूंगरराम चौधरी ने हस्ताक्षर किए। इससे किसानों एवं विद्यार्थियों दोनों को लाभ मिलेगा।

## तेजल सेना संवाद 1.0 में दिखेगा सामाजिक सरोकारों का संगम, 20 सितंबर को दादियारामपुरा में होगा आयोजन

**एजेंसी, थिंक राजस्थान**

सीकर। तेजल सेना की ओर से आगामी 20 सितंबर 2026 को रींगस के निकट दादियारामपुरा गांव में 'तेजल सेना संवाद 1.0' का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में स्वास्थ्य सेवाओं, प्रतिभा सम्मान, पूर्व सैनिकों के अभिनंदन सहित विभिन्न सामाजिक सरोकारों से जुड़े आयोजन होंगे। कार्यक्रम को लेकर तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। आयोजन के क्रम में मामा बाबा धाम में तेजल सेना की टीम का स्वागत किया गया। इस दौरान 'तेजल सेना संवाद 1.0' के पोस्टर का विमोचन किया गया। पोस्टर विमोचन कार्यक्रम में तेजल सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष ईश्वर सिंह निठारवाल, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष आदेश चौधरी, सीकर जिला प्रभारी अमनदीप धायल, श्री कल्याण कॉलेज सीकर के पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष प्रकाश चंद बाजिया, राष्ट्रीय तेजल सेना के राष्ट्रीय महामंत्री सुरेंद्र कुमार महला, प्रदेश महासचिव नेमीचंद जाखड़, प्रदेश उपाध्यक्ष महेंद्र बाजिया एवं बजरंग बाजिया सहित जनप्रतिनिधि और संगठन के पदाधिकारी मौजूद रहे। आयोजकों के अनुसार संवाद कार्यक्रम के दौरान निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर, रक्तदान शिविर एवं फिजियोथेरेपी कैंप आयोजित किए जाएंगे। इसके साथ ही समाज के लिए उल्लेखनीय योगदान देने वाले भामाशाहों का सम्मान किया जाएगा। सेवानिवृत्त सैनिकों का अभिनंदन करने के साथ विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताएं भी आयोजित होंगी। शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को भी कार्यक्रम में सम्मानित किया जाएगा। 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को सम्मान देकर उनकी प्रतिभा को प्रोत्साहित किया जाएगा। तेजल सेना पदाधिकारियों के अनुसार 'संवाद 1.0' का उद्देश्य सामाजिक एकजुटता को मजबूत करने के साथ सेवा, सहयोग और प्रतिभा प्रोत्साहन की भावना को बढ़ावा देना है। आयोजन के माध्यम से जरूरतमंद लोगों तक स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाने तथा शिक्षा, खेल, समाजसेवा और अन्य क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाली प्रतिभाओं एवं समाजसेवियों को सम्मानित करने का प्रयास किया जाएगा। तेजल सेना के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता आयोजन की तैयारियों में जुटे हुए हैं और कार्यक्रम को लेकर विभिन्न स्तरों पर संपर्क एवं समन्वय किया जा रहा है।




## उदयपुर पुलिस का अवैध हथियारों और बदमाशों के खिलाफ महाअभियान

**एजेंसी, थिंक राजस्थान**

उदयपुर। महानिदेशक पुलिस श्री राजीव कुमार शर्मा द्वारा राज्य में शांति व्यवस्था बनाए रखने और अपराधियों पर शिकंजा कसने के लिए दिए गए निर्देशों की अनुपालना में उदयपुर पुलिस पूरी तरह मुस्तैद नजर आ रही है। जिले में भयमुक्त वातावरण स्थापित करने हेतु जिला पुलिस अधीक्षक डॉ. अमृता दुहन के निर्देशन में एक तरफ जहां अपराधियों और अवैध हथियारों के खिलाफ सघन महाअभियान चलाया गया, वहीं दूसरी तरफ अंबामाता थाना क्षेत्र में हुई हवाई फायरिंग की वारदात पर त्वरित एक्शन लेते हुए पुलिस ने महज 12 घंटे से कम समय में सभी चार आरोपियों को दबोच लिया। जिले में आगामी त्योहारों को ध्यान में रखते हुए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश ओझा, मुकुल शर्मा और रजत बिश्नोई के सुपरविजन में जिले भर की पुलिस टीमों ने अपराधियों के खिलाफ एक साथ बड़ा चेकिंग अभियान चलाया।



## बारिश के बीच भाजपा प्रत्याशी प्रतिभा शर्मा का जनसंपर्क, वार्ड 87 में तेज हुआ चुनाव प्रचार

**जयपुर, थिंक राजस्थान**

जयपुर। निकाय चुनाव जैसे-जैसे नजदीक आ रहे हैं, वार्ड नंबर 87 में चुनावी सरगर्मियां तेज होती जा रही हैं। भाजपा कार्यकर्ताओं ने प्रचार अभियान को गति देते हुए घर-घर जनसंपर्क शुरू कर दिया है। इसी क्रम में शनिवार को भाजपा प्रत्याशी प्रतिभा शर्मा ने बारिश के बावजूद विभिन्न क्षेत्रों में पहुंचकर आमजन से संवाद किया और भाजपा के पक्ष में मतदान की अपील की। प्रतिभा शर्मा ने बैराठी नगर फर्स्ट, महावीर विस्तार कॉलोनी, सैनी कॉलोनी, अरिहंत वाटिका, वेद विहार एवं वेद विहार बी सहित विभिन्न क्षेत्रों में जनसंपर्क किया। बारिश के बीच भी बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उनके साथ मौजूद रहे। इस दौरान स्थानीय लोगों ने भी उत्साह के साथ उनका स्वागत किया और क्षेत्र की समस्याओं से अवगत कराया।इस अवसर पर भाजपा प्रत्याशी प्रतिभा शर्मा ने कहा कि, "वार्ड 87 की जनता का विश्वास और स्नेह ही मेरी सबसे बड़ी ताकत है। क्षेत्र के विकास, स्वच्छता, सड़क, पानी, बिजली और बेहतर मूलभूत सुविधाओं के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य करूंगी। बारिश के बावजूद जिस तरह से जनता का समर्थन और कार्यकर्ताओं का उत्साह मिल रहा है, वह हमारे संकल्प को और मजबूत करता है।



### लायंस क्लब श्रीगंगानगर मेन ने 7 गुरुजनों का सम्मान किया

**एजेंसी, थिंक राजस्थान**

श्रीगंगानगर। शिक्षक दिवस के अवसर पर लायंस क्लब श्रीगंगानगर मेन द्वारा आज श्री आत्म वल्लभ जैन पी.जी. गर्ल्स कॉलेज में गुरुजनों के सम्मान में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर 7 गुरुजनों सीमा आर. गिरी, डॉ. निशु खुंगर, कपिल कालडा, जसविंदरकौर, सुनप्रीतकौर, वैशाली और ज्योति को सम्मानित कर उनके प्रति कृतज्ञता एवं आभार व्यक्त किया गया।कार्यक्रम में क्लब अध्यक्ष हनुमानदास सिंगल, सचिव पंकज गर्ग, रीजन चेयरमैन दीपक वाट्स, जोन चेयरमैन नौरंग गर्ग, डिस्ट्रिक्ट पीआरओ आशीष अरोड़ा, ज्वाइंट सेक्रेटरी रमेश बंसल, राधेश्याम गणेशगढ़िया, सीए संजय बंसल, मनीष गुप्ता एवं आशीष जैन सहित क्लब के सदस्य उपस्थित रहे। कॉलेज की ओर से अध्यक्ष सुमेर बोरड़, सचिव नरेश जैन एवं कोषाध्यक्ष पवन जैन भी कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम संयोजक जितेंद्र जैन ने अतिथियों एवं गुरुजनों का स्वागत किया।

## वार्ड नंबर 2 में मोनिका के चुनाव कार्यालय का उद्घाटन, सैकड़ों वार्डवासियों ने लिया भाग

**एजेंसी, थिंक राजस्थान**

रींगस। वार्ड नंबर 2 में नगर पालिका चुनाव को लेकर श्रीमती मोनिका के चुनाव कार्यालय का उद्घाटन आज उत्साह एवं जनभागीदारी के साथ संपन्न हुआ। कार्यालय का फीता काटकर तथा भगवान गणेश की प्रतिमा के सामने दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में वार्ड नंबर 2 के सैकड़ों मतदाताओं, वरिष्ठजनों, युवाओं एवं मातृशक्ति ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों ने मोनिका के समर्थन में उत्साह व्यक्त करते हुए उन्हें भारी बहुमत से विजयी बनाने का आह्वान किया। उपस्थित मातृशक्ति एवं वार्डवासियों ने भी कार्यक्रम में सक्रिय भागीदारी निभाई। इस अवसर पर मोनिका ने वार्डवासियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जनता का विश्वास और आशीर्वाद ही उनकी सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने वार्ड के विकास एवं जनसेवा को प्राथमिकता देने की बात कही। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने "कैंची" चुनाव चिह्न के समर्थन में नारे लगाते हुए मोनिका को विजयी बनाने का संकल्प व्यक्त किया।









### नगर निकाय चुनाव हेतु ई.वी.एम मशीनों का द्वितीय रेंडमाइजेशन समपन्न

**एजेंसी, थिंक राजस्थान**

धौलपुर। शनिवार को जिला कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में नगर निकाय चुनाव 2026 हेतु ई.वी.एम मशीनों का द्वितीय रेंडमाइजेशन जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीनिधि बी टी की अध्यक्षता में राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में किया गया। द्वितीय रेंडमाइजेशन के अंतर्गत नगर परिषद धौलपुर, नगर पालिका बाड़ी, बसेड़ी, सरमथुरा, सैपऊ, मनिया एवं राजाखेड़ा की ईवीएम मशीनों का आवंटन सॉफ्टवेयर के द्वारा किया गया, उसके बाद इनका वितरण किया गया।

संबंधित तहसीलदार के द्वारा अपनी ईवीएम मशीनों को प्राप्त किया एवं स्ट्रांग रूम में सुरक्षित रखा गया।

इस दौरान उपजिला निर्वाचन अधिकारी हरिराम मीना, समस्त रिटर्निंग अधिकारी सहित विभिन्न पार्टियों के जनप्रतिनिधि आदि उपस्थित रहे।

## पूजा-अर्चना के बाद हुआ कार्यालय का उद्घाटन, गजानंद कुमावत ने चुनावी तैयारियों को लेकर रखी बात

**एजेंसी, थिंक राजस्थान**

खाटूश्यामजी। नगरपालिका चुनाव को लेकर वार्ड नंबर 7 में चुनावी गतिविधियां जारी हैं। इसी क्रम में भारतीय जनता पार्टी की प्रत्याशी सुशीला शेरावत पत्नी छोटूराम शेरावत के चुनावी कार्यालय का शनिवार को विधि-विधान से पूजा-अर्चना के बाद शुभारंभ किया गया। कार्यालय उद्घाटन कार्यक्रम में पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं समर्थक मौजूद रहे। कार्यक्रम की शुरुआत पुजारी द्वारा विधि-विधान से पूजा-अर्चना के साथ हुई। इसके बाद खाटूश्यामजी नगरपालिका चुनाव प्रभारी महेंद्र चंदवा, संजय तिवारी, भाजपा प्रत्याशी गजानंद कुमावत, भाजपा नेता पवन पुजारी, भाजपा किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष शंकरलाल सीमार एवं समाजसेवी राजेंद्र सिंह धीरजपुरा ने फीता काटकर चुनावी कार्यालय का उद्घाटन किया। इस अवसर पर भाजपा प्रत्याशी गजानंद कुमावत ने नगरपालिका चुनाव को लेकर पार्टी की तैयारियों एवं प्रत्याशियों की स्थिति पर अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि नगरपालिका क्षेत्र में भाजपा के प्रत्याशी अपने-अपने वार्डों में मतदाताओं से संपर्क कर रहे हैं और चुनाव को लेकर संगठन स्तर पर कार्य किया जा रहा है। कुमावत ने कहा कि पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा वार्ड स्तर पर मतदाताओं से संपर्क किया जा रहा है तथा स्थानीय मुद्दों और विकास से जुड़े विषयों को लेकर लोगों से संवाद किया जा रहा है। उन्होंने भाजपा प्रत्याशियों के पक्ष में समर्थन मिलने का दावा करते हुए कहा कि पार्टी के प्रत्याशी अच्छे मतों से विजयी होंगे।







## जेन-जी और युवा चेहरों पर दांव, प्रचार के बदले तौर-तरीके और डिजिटल एजेंसियों की एंट्री

**जयपुर, थिंक राजस्थान**

जयपुर। राजस्थान के नगर निकाय चुनाव 2026 में इस बार सियासी बिसात पर 'जेन-जी' (Gen-Z) और युवा राजनीति का व्यापक असर देखने को मिल रहा है। भारतीय जनता पार्टी (BJP) और कांग्रेस, दोनों ही प्रमुख दलों ने स्थानीय निकाय स्तर पर आधी आबादी के साथ-साथ युवाओं को साधने के लिए करीब आधे टिकट 40 वर्ष या उससे कम उम्र के प्रत्याशियों को दिए हैं। इसके साथ ही, पारंपरिक नुक्कड़ सभाओं और पर्चों-पोस्टरों तक सीमित रहने वाला निकाय चुनाव अब विधानसभा और लोकसभा चुनाव की तर्ज पर डिजिटल मार्केटिंग एजेंसियों, वॉर रूम्स और माइक्रो-टारगेटिंग के दौर में प्रवेश कर चुका है। टिकट वितरण का गणितः 40 साल तक के चेहरों को मिला लगभग हर दूसरा टिकटदोनों दलों द्वारा जारी की गई प्रत्याशियों की सूचियों के विश्लेषण से साफ है कि युवा चेहरों पर बड़ा दांव खेला गया हैः भाजपा (BJP) : करीब 51% उम्मीदवार 40 वर्ष या उससे कम आयु के हैं। इसमें 25 वर्ष तक के युवाओं (जेन-जी) की हिस्सेदारी 6% है, जबकि 26 से 40 वर्ष के उम्मीदवारों की हिस्सेदारी 45% है। 41 से 50 वर्ष के 27% और 50 वर्ष से अधिक उम्र के 22% प्रत्याशी हैं।

कांग्रेस (Congress) : पार्टी ने 40 वर्ष तक की आयु के 49% चेहरों को मैदान में उतारा है। इसमें 25 वर्ष तक के युवा 5% और 26 से 40 वर्ष के उम्मीदवार 44% हैं। 41 से 50 वर्ष के 29% तथा 50 वर्ष से अधिक के 22% प्रत्याशी उतारे गए हैं।

2021 का पिछला संदर्भः वर्ष 2021 के निकाय चुनावों में 91 निकायों के 3,060 वार्डों में से 25 वर्ष तक की आयु के 314 पार्षद (10.26%) चुनकर आए थे, जबकि 36 से 50 वर्ष की श्रेणी के 1,111 पार्षद विजयी हुए थे।

40% से अधिक युवा मतदाताः प्रदेश के 309 नगरीय निकायों के 10,245 वार्डों में कुल करीब 1.44 करोड़ पंजीकृत मतदाता हैं। इनमें 18 से 35 वर्ष की आयु वर्ग के मतदाताओं की संख्या 57.90 लाख (लगभग 40.21%) है।

## जिला निर्वाचन अधिकारी ने ली रिटर्निंग अधिकारियों और विभिन्न प्रकोष्ठ प्रभारियों-सहप्रभारियों की बैठक

**एजेंसी, थिंक राजस्थान**

बीकानेर। जिला निर्वाचन अधिकारी निशान्त जैन ने शनिवार को समस्त रिटर्निंग अधिकारियों और विभिन्न प्रकोष्ठों के प्रभारियों-सहप्रभारियों की बैठक ली। कलक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक के दौरान उन्होंने सभी प्रकोष्ठों द्वारा अब तक की गई कार्यवाही की समीक्षा की और कहा कि स्वतंत्र एवं भयमुक्त निर्वाचन हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है। इसके लिए निर्वाचन प्रक्रिया से जुड़े प्रत्येक अधिकारी-कर्मचारी प्रतिबद्ध रहें। उन्होंने कहा कि प्रत्येक प्रकोष्ठ प्रभारी और सहप्रभारी, अन्य अधिकारियों से समन्वय रखते हुए सभी कार्य समयबद्ध करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि रिटर्निंग और सहायक रिटर्निंग अधिकारियों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। वे अपने-अपने क्षेत्र में प्रत्येक स्थिति पर नजर रखें। जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतदान दलों के गठन एवं प्रशिक्षण, दोनों चरणों के लिए मतदान दलों की रवानगी एवं अंतिम प्रशिक्षण, संवेदनशील और अतिसंवेदनशील मतदान केन्द्रों के चिह्नीकरण, सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं एरिया मजिस्ट्रेट की नियुक्ति तथा इनके अपने क्षेत्र में भ्रमण, ईवीएम कमीशनिंग आदि की समीक्षा की। उन्होंने सामान्य व्यवस्था एवं भंडार प्रकोष्ठ सहित प्रत्येक प्रकोष्ठ से व्यवस्थाओं संबंधी फीडबैक लिया। मतगणना के दौरान व्यवस्थाओं की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि अंतिम 48 घंटे में आचार संहिता की पालना का विशेष ध्यान रखा जाए। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि नियंत्रण कक्ष पूर्णतया मुस्तैद रहे तथा सटीक कम्यूनिकेशन प्लान बनाया जाए, जिससे आवश्यकता पड़ने पर त्वरित कम्यूनिकेशन हो सके। राज्य निर्वाचन आयोग के किसी भी निर्देश की अवहेलना नहीं हो, यह सुनिश्चित किया जाए। पुलिस अधीक्षक मृदुल कच्छावा ने पुलिस बंदोबस्त और सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी देते हुए ईवीएम सुरक्षा प्रोटोकॉल पर विशेष बल दिया। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी आपसी समन्वय रखें तथा समय रहते प्रत्येक मतदान केन्द्र की संयुक्त 'सिक्योरिटी ऑडिट' कर ली जाए। उन्होंने कहा कि पुलिस द्वारा प्रत्येक मतदान केन्द्र पर पर्याप्त जाब्ता तैनात किया जाएगा। बैठक में बीकानेर विकास प्राधिकरण आयुक्त स्नेहल धायगुडे नाना, जिला परिषद की मुख्य कार्यकारी अधिकारी शैलजा पांडे, उप जिला निर्वाचन अधिकारी उम्मेद सिंह रतनू, एडीएम सिटी रीना, एसडीएम महिमा कसाना, जिला निर्वाचन कार्यालय में विशेषाधिकारी स्वाति शर्मा, प्रशिक्षु आइएएस मनु गर्ग सहित पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारी, रिटर्निंग अधिकारी और समस्त प्रकोष्ठों के प्रभारी-सहप्रभारी मौजूद रहे।

# राजस्थान/ प्रादेशिक

# करियर काउंसलिंग सेमिनार का आयोजन, 275 स्कूलों के 60 हजार विद्यार्थियों ने लिया मार्गदर्शन

**एजेंसी, थिंक राजस्थान**

जोधपुर। जिला प्रशासन जोधपुर के तत्वावधान में विद्यार्थियों एवं युवाओं को विभिन्न करियर विकल्पों की जानकारी प्रदान करने, उनके लिए उपलब्ध अवसरों से परिचित कराने तथा भविष्य के लिए सही दिशा प्रदान करने के उद्देश्य से संचालित करियर काउंसलिंग सेमिनार श्रृंखला के तहत शनिवार को जिला कलक्ट्रेट परिसर में द्वितीय करियर काउंसलिंग सेमिनार का आयोजन किया गया। जिला कलक्टर आलोक रंजन एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद आशीष कुमार मिश्रा की अभिनव पहल पर आयोजित इस कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों को बदलते रोजगार परिदृश्य के अनुरूप अपनी रुचि, क्षमता एवं अभिरुचि के अनुसार करियर का चयन करने के लिए प्रेरित किया गया। सेमिनार का उद्देश्य जिले के विद्यार्थियों को पारंपरिक एवं उभरते हुए करियर विकल्पों, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी, कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा तथा मानसिक स्वास्थ्य एवं तनाव प्रबंधन जैसे महत्वपूर्ण विषयों के संबंध में विशेषज्ञ मार्गदर्शन उपलब्ध कराना रहा। शनिवार को आयोजित नो बैग डे के अवसर पर जिला स्तरीय करियर मार्गदर्शन कार्यक्रम से जिले के करीब 275 विद्यालय जुड़े। तकनीक के प्रभावी उपयोग के माध्यम से टीचमिंट एप एवं यूट्यूब के जरिए सेमिनार का सजीव प्रसारण किया गया। इसके माध्यम से कक्षा 9 से 12 तक के करीब 60 हजार विद्यार्थियों ने अपने-अपने विद्यालयों में उपलब्ध स्मार्ट बोर्ड एवं टेलीविजन स्क्रीन के माध्यम से कार्यक्रम में सहभागिता की तथा विषय विशेषज्ञों का मार्गदर्शन प्राप्त किया। सीईओ जिला परिषद आशीष कुमार मिश्रा ने बताया कि इस डिजिटल पहल से जिले के दूरस्थ क्षेत्रों में अध्ययनरत विद्यार्थियों को भी विशेषज्ञों से सीधे जुड़ने एवं विभिन्न करियर विकल्पों के संबंध में उपयोगी जानकारी प्राप्त करने का अवसर मिला। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को अपने भविष्य की योजना तैयार करने, उपलब्ध अवसरों का समुचित मूल्यांकन करने तथा लक्ष्य प्राप्ति के लिए योजनाबद्ध एवं निरंतर प्रयास करने के लिए प्रेरित किया गया। उन्होंने तकनीकी क्षेत्र में तेजी से हो रहे बदलावों तथा भविष्य में उभरने वाले अवसरों से विद्यार्थियों को अवगत कराते हुए तकनीकी शिक्षा एवं कौशल विकास के महत्व पर प्रकाश डाला।



## श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर भक्ति भाव में लीन हुए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा



**जयपुर, थिंक राजस्थान**

जयपुर। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पावन पर्व पर राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने राजधानी जयपुर के प्रमुख मंदिरों में पहुंचकर श्रद्धापूर्वक शीश नवाया। मुख्यमंत्री ने सपत्नीक श्री राधा सरल बिहारी मंदिर और जगतपुरा स्थित हरे कृष्ण (इस्कॉन) मंदिर में दर्शन किए। उन्होंने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विधिवत पूजा-अर्चना और आरती कर राजस्थान सहित पूरे देश की खुशहाली, सुख-समृद्धि, सामाजिक समरसता और जनकल्याण की कामना की।

जन्माष्टमी की मध्यरात्रि के पावन बेला में मंदिरों में उत्सव का माहौल चरम पर रहाः

राधा सरल बिहारी जी में दर्शनः मुख्यमंत्री ने श्री राधा सरल बिहारी मंदिर पहुंचकर युगल सरकार के विग्रह के समक्ष माथा टेका और प्रदेश के चहुंमुखी विकास के लिए प्रार्थना की।

इस्कॉन मंदिर में महाआरतीः इस्कॉन मंदिर परिसर में उन्होंने भगवान श्रीकृष्ण और राधारानी की भव्य आरती उतारी तथा कुछ समय बैठकर चल रहे संकीर्तन में भी सहभागिता की।

## श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर अद्भुत झूलन झांकी, दही हांडी, सांस्कृतिक

**एजेंसी, थिंक राजस्थान**

टोंक। श्री देवनारायण गुर्जर छात्रावास टोंक के देव चौक में श्री कृष्ण जन्माष्टमी का कार्यक्रम धूमधाम से मनाया गया जिसमे दही हांडी, कालिया दह ,कृष्ण सुदामा मित्रता का सुंदर मंचन देखने देर रात उमड़े श्रद्धालु। मंदिर परिसर में चित्रकार महेश गुर्जर द्वारा श्री कृष्ण की बाल रूप झूलन झांकी सजाई गई।पधारे हुए अतिथियों के द्वारा श्री कृष्ण के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की शुरुवात की गई। लोक कला मंडल ढोला मारू के कलाकारों ने अपनी अद्भुत कलाओं से लोगों की खूब तालियां बटोरी। गुरुजी केसर लाल ने थाली नृत्य के साथ सांस्कृतिक भजन संध्या की शुरुआत की। प्रसिद्ध लोक नृत्य कलाकार अशोक पहाड़िया,सुरेश राव, बाबू सोयल, भरत गुर्जर ,भवानी , आदि ने अपने अद्भुत नृत्यों से से लोगों का मन मोह लिया। कार्यक्रम में अतिथि देवराज चेची, सुनील भाटी, दिलकुश चाड, शैतान हर्षल, सहित अनेक लोग मौजूद रहे।



## सैनिक स्कूल चित्तौड़गढ़ में उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाया शिक्षक दिवस

**एजेंसी, थिंक राजस्थान**

चित्तौड़गढ़। सैनिक स्कूल में शनिवार को शिक्षक दिवस समारोह बड़े उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। स्कूल के शंकर मेनन सभागार में आयोजित समारोह के मुख्य अतिथि स्कूल के प्राचार्य कर्नल अनिल देव सिंह जसरोटिया थे। सभागार में पहुँचने पर मुख्य अतिथि का स्कूल की उप प्राचार्य लेफ्टिनेंट कर्नल ईशा ठकराल एवं स्कूल के सीनियर मास्टर ओंकार सिंह ने स्वागत किया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि द्वारा दीप प्रज्वलन एवं डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन की तस्वीर को माल्यार्पण कर हुई। मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में कहा कि आज के समय में कृत्रिम बुद्धिमत्ता के माध्यम से विद्यार्थी बहुत सारी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। लेकिन उस जानकारी को सही दिशा देना, उसका सही अर्थ समझाना और जीवन में उसका उचित उपयोग करना केवल एक शिक्षक ही सिखा सकता है। एक शिक्षक केवल किताबों का ज्ञान नहीं देता, बल्कि वह विद्यार्थियों को सोचने, समझने, निर्णय लेने और एक अच्छा इंसान बनने की कला सिखाता है। इसलिए तकनीक कितनी भी उन्नत क्यों न हो जाए, एक सच्चे शिक्षक का स्थान कभी नहीं लिया जा सकता।

## जोधपुर क्राइम फाइल : जोधपुर में सड़क हादसे में युवक की मौत

**एजेंसी, थिंक राजस्थान**

जोधपुर। देवनगर थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन चलाने के कारण स्कूटी को टक्कर मारने का मामला सामने आया। पुलिस रिपोर्ट के अनुसार हादसे में घायल युवक की उपचार के दौरान 8 जुलाई को मौत हो गई। पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू की है। कुड़ी भगतासनी थाना क्षेत्र में सड़क जाम कर डंपर में आग लगाने का मामला। पुलिस के अनुसार 4 सितंबर की शाम झालामंड चौराहे पर आरोपियों ने सड़क जाम किया और डंपर में आग लगा दी। घटना में राजकार्य में बाधा डालने समेत विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया गया है। विवेक विहार थाना क्षेत्र में फैक्ट्री से प्रदूषित पानी जोजरी नदी में छोड़े जाने का मामला सामने आया। पुलिस रिपोर्ट के मुताबिक रंगाई-छपाई के दौरान पानी को पाइप के जरिए नदी में छोड़ा जा रहा था। मामले में तीन आरोपियों के खिलाफ पर्यावरण संरक्षण और जल प्रदूषण से संबंधित धाराओं में प्रकरण दर्ज किया गया।

## अंतरराष्ट्रीय साक्षरता महाअभियान : कोठी नातमाम विद्यालय में संगोष्ठी का आयोजन

**एजेंसी, थिंक राजस्थान**

टोंक। पीएमश्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय कोठी नातमाम में शनिवार को 'उल्लास-नवभारत साक्षरता कार्यक्रम' के अंतर्गत 1 से 14 सितंबर तक मनाए जा रहे साक्षरता पखवाड़े के तहत एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी को संबोधित करते हुए सहायक परियोजना अधिकारी अनिल कुमार चतुर्वेदी ने कहा कि समाज के हर वर्ग को साक्षर बनाना एक पुण्य कर्म है और इसमें सभी को अपनी सक्रिय भागीदारी निभानी चाहिए। जिला साक्षरता एवं सतत शिक्षा अधिकारी तुलसीदास ने नवसाक्षरों के उज्ज्वल भविष्य और उन्हें शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य नवसाक्षरों को मुक्त शिक्षा प्रणाली के माध्यम से कक्षा 10 वीं में नामांकित करवाकर आगे बढ़ाना है। बैठक में ब्लॉक समन्वयक पुरुषोत्तम जायसवाल, प्रधानाचार्य रामदयाल जांगिड़ सहित विद्यालय के अनेक शिक्षक और सर्वेयर उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सभी ने साक्षरता पखवाड़े को सफल बनाने का संकल्प लिया। संगोष्ठी में वक्ताओं ने कहा कि साक्षरता केवल पढ़ना-लिखना सीखने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह व्यक्ति को अपने अधिकारों, कर्तव्यों और सामाजिक जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक बनाने का माध्यम भी है। नवसाक्षरों को शिक्षा से जोड़कर उनके आत्मविश्वास और आत्मनिर्भरता को बढ़ाया जा सकता है।



# दौसा में मूसलाधार बारिश से सड़कें बनीं दरिया : सुबह 8 बजे तक 65 मिमी वर्षा दर्ज, मोरेल बांध पर चली चादर

**एजेंसी, थिंक राजस्थान**

दौसा (राजस्थान)। दौसा जिले में बीते तीन दिनों से जारी मानसूनी बारिश के बीच शनिवार सुबह मूसलाधार वर्षा ने पूरे जिले को जलमग्न कर दिया। लगातार हो रही भारी बारिश से जिले की जीवनरेखा माने जाने वाले प्रमुख मोरेल बांध पर चादर चल गई है। वहीं, जिला मुख्यालय पर शनिवार तड़के से शुरू हुए बादलों के तेज बरसने से शहर की मुख्य सड़कें और कॉलोनियां दरिया में तब्दील हो गईं।

सुबह 8 बजे तक मुख्यालय पर 65 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई, जिससे एक ओर जहां शहरी जनजीवन प्रभावित हुआ, वहीं किसानों के चेहरे खिल उठे हैं। सड़कों पर भरा 2 से 3 फीट पानी, कई प्रमुख मार्ग अवरुद्ध शनिवार सुबह हुई तेज बारिश से जिला मुख्यालय के निचले इलाकों और मुख्य व्यावसायिक केंद्रों में भारी जलभराव हो गयाः जलमग्न हुए प्रमुख इलाकेः शहर के नई मंडी रोड, मानगंज, रेलवे स्टेशन मार्ग, गांधी तिराहा, सैंथल मोड़ और जयपुर रोड सहित दर्जनों रिहायशी कॉलोनियों के रास्ते पानी में डूब गए।

यातायात प्रभावितः सड़कों पर तेज बहाव के साथ पानी बहने से दोपहिया और चौपहिया वाहनों की आवाजाही थम गई। कई दुकानों और निचले मकानों में बारिश का पानी घुसने से व्यापारियों और नागरिकों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

मोरेल बांध पर चली चादरः कैचमेंट एरिया में हो रही झमाझम बारिश के चलते मोरेल बांध अपनी पूर्ण भराव क्षमता तक पहुंच गया और उस पर चादर चलने लगी, जिसे देखने आसपास के ग्रामीण पहुंचने लगे हैं।

अन्य जलाशयों में आवकः जिले के छोटे-बड़े बांधों, तालाबों और एनीकटों में पानी की आवक लगातार बनी हुई है, जिससे आगामी दिनों के लिए पेयजल और सिंचाई संकट से बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है। बीते महीने बारिश की लंबी खेंच (कमी) के कारण खरीफ की फसलों पर संकट मंडराने लगा था और किसान सूखे की आशंका से चिंतित थेः

फसलों को मिला अमृतः तीन दिन की इस व्यापक बारिश से सूखती फसलों को नया जीवनदान मिला है।

रबी बुवाई की जमीन तैयारः जमीन में नमी का स्तर बढ़ने से अब किसानों में आगामी रबी फसलों (सरसों, चना, गेहूं) की बेहतर बुवाई को लेकर भी नई उम्मीदें जाग उठी हैं।



## मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने किया उम्मेद चिकित्सालय का निरीक्षण

**एजेंसी, थिंक राजस्थान**

जोधपुर। मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने शनिवार को अपने जोधपुर प्रवास के दौरान उम्मेद चिकित्सालय का निरीक्षण किया। उन्होंने स्त्री रोग बहिरंग विभाग, लेबर रूम, ऑपरेशन थिएटर, गायनी आईसीयू, एचडीयू तथा पोस्ट ऑपरेटिव वार्ड-1 एवं 3 सहित विभिन्न चिकित्सा इकाइयों का सघन अवलोकन कर व्यवस्थाओं की जानकारी ली तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने नवजात शिशु सघन उपचार इकाई में आउट-बॉर्न एवं इन-बॉर्न नर्सरी का निरीक्षण कर नवजात शिशुओं के उपचार एवं देखभाल से संबंधित व्यवस्थाओं, उपलब्ध संसाधनों एवं चिकित्सा सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने आवश्यकतानुसार व्यवस्थाओं के सुदृढ़ीकरण तथा संबंधित कार्यों की नियमित समीक्षा सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए।

# मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने की जिले की चिकित्सा व्यवस्थाओं की समीक्षा



**एजेंसी, थिंक राजस्थान**

जोधपुर। मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने शनिवार को जोधपुर के डॉ. संपूर्णानंद मेडिकल कॉलेज के सभागार में जिले की चिकित्सा एवं स्वास्थ्य व्यवस्थाओं की समीक्षा बैठक ली। मुख्य सचिव ने सुरक्षित मातृत्व, गुणवत्तापूर्ण प्रसव सेवाओं एवं स्वस्थ शैशव के लिए संचालित कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा करते हुए हाई रिस्क प्रेगनेंसी की प्रभावी मॉनिटरिंग, गुणवत्तापूर्ण एंटीनेटल केयर तथा नवजात शिशुओं के लिए कंगारू केयर जैसी व्यवस्थाओं को और सुदृढ़ करने के निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने प्रसव सखी सहित मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य से जुड़े नवाचारों के प्रभावी क्रियान्वयन तथा उपयोगी कार्यप्रणालियों को अन्य चिकित्सा संस्थानों में भी अपनाने की आवश्यकता रेखांकित की। उन्होंने गर्भवती महिलाओं को समयबद्ध परामर्श, आवश्यक जांच एवं समुचित फॉलोअप उपलब्ध कराने तथा हाई रिस्क प्रेगनेंसी की पहचान से लेकर उपचार तक निरंतर निगरानी की व्यवस्था प्रभावी बनाए रखने के निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने उम्मेद चिकित्सालय में अत्यधिक मरीज भार के मद्देनजर उपलब्ध चिकित्सा संसाधनों एवं उपचार व्यवस्थाओं की समीक्षा की। उन्होंने ऑपरेशन थिएटरों में निर्धारित मानक चिकित्सा प्रोटोकॉल की प्रभावी पालना, उपचार प्रक्रियाओं की नियमित मॉनिटरिंग तथा मरीजों की सुरक्षा के दृष्टिगत व्यवस्थाओं को और सुदृढ़ करने के निर्देश दिए। श्रीनिवास ने एनेस्थिसियोलॉजी, ऑब्सटेट्रिक्स एवं गायनेकोलॉजी विभागों के मध्य बेहतर समन्वय के साथ कार्यप्रणाली को अधिक प्रभावी बनाने तथा आवश्यक सुधारात्मक कदम समयबद्ध रूप से लागू करने के निर्देश दिए। उन्होंने गंभीर एवं जटिल मामलों में त्वरित चिकित्सकीय हस्तक्षेप सुनिश्चित करने तथा उपचार प्रक्रिया को अधिक सुव्यवस्थित एवं परिणामोन्मुख बनाने के निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने उम्मेद चिकित्सालय में अत्यधिक मरीज भार के बावजूद चिकित्सा सेवाओं के सुचारू संचालन की समीक्षा की।

## गुप्त वृन्दावन धाम में नंदोत्सव एवं विश्वगुरु श्रील प्रभुपाद का 130वाँ व्यास-पूजा महोत्सव धूमधाम से मनाया

**जयपुर, थिंक राजस्थान**

जयपुर। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अगले दिन शनिवार को गुप्त वृन्दावन धाम, जगतपुरा में नंदोत्सव एवं विश्वव्यापी हरे कृष्ण आंदोलन के संस्थापक-आचार्य विश्वगुरु श्रील ए.सी. भक्तिवेदांत स्वामी प्रभुपाद का 130वाँ दिव्य आविर्भाव दिवस (व्यास-पूजा महोत्सव) श्रद्धा, उल्लास एवं भक्तिमय वातावरण में मनाया गया। नंदोत्सव में सैकड़ों युवा भक्तों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। युवाओं ने भगवान श्रीकृष्ण के समक्ष भजन-कीर्तन एवं नृत्य प्रस्तुत किए, अपनी प्रार्थनाएं अर्पित कीं तथा भगवान के लिए विशेष भोग एवं पुष्पाभिषेक किया। श्री श्री कृष्ण-बलराम का विशेष श्रृंगार किया गया तथा झूलन उत्सव में भक्तों ने लड्डू गोपाल को झूला झुलाया। इस अवसर पर पारंपरिक माखन-मिश्री प्रसाद भी वितरित किया गया। सायंकाल आयोजित व्यास-पूजा महोत्सव में हजारों श्रद्धालु शामिल हुए। भक्तों ने विश्वगुरु श्रील प्रभुपाद के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए अपनी व्यास-पूजा श्रद्धांजलियां एवं प्रार्थनाएं अर्पित कीं। विश्व के विभिन्न देशों एवं भाषाओं के भक्तों द्वारा लिखी गई व्यास-पूजा अर्पण-पुस्तिका भी विश्वगुरु श्रील प्रभुपाद को समर्पित की गई। महोत्सव के विशेष आकर्षण के रूप में भक्तों द्वारा प्रेमपूर्वक तैयार किए गए 1,008 विशेष भोग अर्पित किए गए। इसके पश्चात भव्य पालकी यात्रा, महा-अभिषेक, हरिनाम संकीर्तन, गुरु-पूजा एवं महा-आरती का आयोजन हुआ। पूरे दिन मंदिर परिसर हरिनाम संकीर्तन एवं भक्तिमय उल्लास से गुंजायमान रहा। महोत्सव के उपलक्ष्य में श्रद्धालुओं के लिए नंदोत्सव की विशेष प्रसादी एवं प्रसाद वितरण की व्यवस्था भी की गई। महोत्सव के दौरान मंदिर परिसर में भक्तों के लिए विशेष आध्यात्मिक कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। संतों एवं वरिष्ठ भक्तों ने श्रील प्रभुपाद के जीवन, उनके आध्यात्मिक संदेश और विश्वभर में कृष्ण भक्ति के प्रसार में उनके योगदान पर प्रकाश डाला।



## जेंडर रूढ़ियों को तोड़ने की शुरुआत घर से हो : डॉ. पूर्वा भारद्वाज

**जयपुर, थिंक राजस्थान**

जयपुर। कानोड़िया पीजी महिला महाविद्यालय, जयपुर के सेंटर फॉर जेंडर स्टडीज द्वारा 5 सितंबर, 2026 को महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय, लाल कोठी, जयपुर में 'अनलर्निंग जेंडरः स्टीरियोटाइप्स एंड सोशल एक्सपेक्टेशंस' विषय पर जागरूकता सत्र का आयोजन किया गया। सत्र के दौरान सेंटर संयोजक डॉ. स्वीटी माथुर ने 'सेक्स' और 'जेंडर' के बीच अंतर को स्पष्ट करते हुए बताया कि सेक्स जैविक आधार पर निर्धारित होता है, जबकि जेंडर समाज द्वारा निर्मित एवं परिभाषित भूमिकाओं और अपेक्षाओं से जुड़ा है। उन्होंने कहा कि प्रकृति ने सभी मनुष्यों को समान बनाया है, लेकिन समाज ने समय के साथ स्त्री और पुरुष के लिए अलग-अलग भूमिकाएं और अपेक्षाएं निर्धारित कर दीं।

उन्होंने इस विषय को अधिक प्रभावी एवं रोचक ढंग से समझाने के लिए दो वीडियो के माध्यम से विद्यार्थियों को जेंडर आधारित रूढ़ियों, सामाजिक अपेक्षाओं एवं निर्धारित भूमिकाओं के विभिन्न पहलुओं से अवगत कराया।



# मनोरंजन समाचार

# मिस वर्ल्ड 2026 विनर का ऐलान, डोमिनिकन रिपब्लिक की जोहैरी मोला बनीं विजेता, थाईलैंड की सुंदरी ने पहनाया ताज

आज यानी 5 सितंबर, 2026 को वियतनाम में में मिस वर्ल्ड 2026 का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में निकिता पोरवाल ने भारत का प्रतिनिधित्व किया, जो भारतीय मनोरंजन जगत का भी जाना-माना नाम हैं। मगर निकिता टॉप-20 में भी अपनी जगह नहीं बना सकीं और प्रतियोगिता से बाहर हो गईं। इसके बाद सभी की नजरें इस साल की विजेता पर टिकी थीं, जिसका ऐलान अब हो चुका है। ग्रैंड फिनाले के दौरान डोमिनिकन रिपब्लिक की जोहेरी मोला इस साल की विजेता घोषित की गईं और इसी के साथ थाईलैंड की ओपल सुचाता चुआंगसरी ने जोहेरी को ताज पहनाया, जो पिछले साल की मिस वर्ल्ड प्रतियोगिता की विनर थीं। ओपल सुचाता चुआंगसरी अपने देश की पहली कंटेस्टेंट थीं, जिन्होंने ये खिताब अपने नाम किया था। मिस वर्ल्ड स्पेन की एलिजाबेथ रेयनेस ने इस प्रतियोगिता में डोमिनिकन रिपब्लिक की जोहेरी मोला को जबरदस्त टक्कर दी, लेकिन एलिजाबेथ को पीछे छोड़ते हुए जोहेरी ने ताज अपने नाम कर



लिया और इसी के साथ एलिजाबेथ रेयनेस को फर्स्ट रनर-अप चुना गया, जबकि मिस वर्ल्ड मलेशिया की तानुसिया चेट्टी सेकंड रनर-अप चुनी गईं। मिस वर्ल्ड के 73वें संस्करण में जिन 6 हसिनाओं ने टॉप 6 फाइनलिस्ट में अपनी जगह बनाई उनमें मिस वर्ल्ड डोमिनिकन रिपब्लिक की जोहेरी मोला (अमेरिका और कैरिबियन) के साथ मिस वर्ल्ड इरिट्रिया की स्नित हबटैब (पीपल्स चॉइस), मिस वर्ल्ड वियतनाम की ले गुयेन बाओ एनगोक (एशिया और ओशिनिया), मिस वर्ल्ड मलेशिया की तानुसिया चेट्टी (ब्यूटी विद अ पर्पस), मिस वर्ल्ड स्पेन की एलिजाबेथ रेन्स (यूरोप) और मिस वर्ल्ड साउथ अफ्रीका की रोमांडा होमबीर (अफ्रीका) शामिल रहीं, जिन्हें पछाड़ते हुए जोहेरी ने ये खिताब हासिल किया। वहीं भारत का प्रतिनिधित्व कर रहीं निकिता पोरवाल की बात करें तो वह टॉप 20 में भी अपनी जगह नहीं बना सकीं और कॉन्टेस्ट से बाहर हो गईं। निकिता की बात करें तो उन्होंने महाराजा सयाजीराव यूनिवर्सिटी ऑफ बड़ौदा से बैचलर ऑफ परफॉर्मिंग आर्ट्स की पढ़ाई की है और ड्रामेटिक्स/एक्टिंग में स्पेशलाइजेशन किया है। उन्होंने 2018 में बतौर टीवी एंकर अपना करियर शुरू किया और 60 से ज्यादा नाटकों का हिस्सा रह चुकी हैं। 2024 में फेमिना मिस इंडिया मध्यप्रदेश और फिर फेमिना मिस इंडिया वर्ल्ड 2024 का टाइटल जीता। मिस वर्ल्ड 2026 में टॉप-40 राउंड तक पहुंचने के बाद वह टॉप 20 में जगह नहीं बना सकीं और कॉन्टेस्ट से बाहर हो गईं। ताज हासिल करने के साथ ही अब उनके सामने पूरे वर्ष मिस वर्ल्ड के रूप में विभिन्न सामाजिक और मानवीय अभियानों का प्रतिनिधित्व करने की जिम्मेदारी होगी। ग्रैंड फिनाले में अलग-अलग महाद्वीपों से पहुंची प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिभा और व्यक्तित्व का प्रदर्शन किया। टॉप-6 में जगह बनाने वाली सुंदरियों ने प्रतियोगिता के अंतिम चरण में अपनी-अपनी खूबियों के आधार पर मजबूत दावेदारी पेश की।

## विवादों के बीच फूंक-फूंककर कदम रख रहे समय रैना, अहमदाबाद प्लेन क्रैश जोक पर कंटेस्टेंट को रोका



समय रैना का शो 'इंडियाज गॉट लेटेंट' अक्सर किसी न किसी वजह से चर्चा में बना रहता है। शो कई बार विवादों में भी घिर चुका है, जिसके चलते अब समय रैना फूंक-फूंककर कदम रख रहे हैं। इंडियाज गॉट लेटेंट 2 का एपिसोड 6 हाल ही में नेटफ्लिक्स पर आया, जिसमें समय रैना के साथ वरुण धवन, मेधा शंकर, निशांत तंवर और शेरोन वर्मा बतौर पैनलिस्ट शामिल थे। हाल ही में आए नए एपिसोड में, एक कंटेस्टेंट को समय रैना ने उस वक्त रोक दिया जब वह अहमदाबाद में हुए एयर इंडिया प्लेन क्रैश के बारे में जोक करने वाला था। जैसे ही समय रैना को एहसास हुआ कि कंटेस्टेंट शायद अहमदाबाद प्लेन क्रैश पर मजाक करने वाला है, उन्होंने उसे बीच में ही रोक दिया और कहा कि वह कुछ ऐसा कहे जिसे एपिसोड में रखा जा सके। दरअसल, शो के दौरान एक कंटेस्टेंट ने फ्लाइट्स को लेकर अपने डर के बारे में बताया। जिस पर समय ने पूछा- 'तुम्हें फ्लाइट्स से बहुत डर लगता है। ऐसा क्यों? क्या फ्लाइट्स बहुत महंगी हैं, इसलिए?' इस सवाल पर हंसते हुए विजय ने जवाब दिया, 'नहीं, दरअसल मैं अहमदाबाद से हूं। एक साल पहले, मैं ऐसे ही छत पर बैठा था और चिल कर रहा था। तभी मेरे दोस्त का फोन आया और उसने मुझसे कहा- 'बाईं तरफ देखो'।' कंटेस्टेंट की बात सुनकर समय तुरंत समझ गए कि बात 12 जून, 2025 को अहमदाबाद में हुए एयर इंडिया प्लेन क्रैश की हो रही है। समय रैना का शो तब विवादों में घिर गया था जब रणवीर अल्लाहबादिया ने समय रैना के शो में 2025 में कुछ विवादित टिप्पणियां की थीं।

## मोहनलाल ने 'ऑपरेशन गंगा' का किया ऐलान, अर्जुन रामपाल-भाग्यश्री बोर्से की हुई एंट्री



मोहनलाल ने फिल्ममेकर विष्णु मोहन के साथ अपने अगले प्रोजेक्ट की आधिकारिक घोषणा कर दी है। आने वाली फिल्म का नाम 'ऑपरेशन गंगा' है। यह दोनों का साथ में पहला प्रोजेक्ट है। विष्णु मोहन नेशनल अवॉर्ड जीतने वाली फिल्म 'मेप्पाडियन' के डायरेक्टर के तौर पर जाने जाते हैं, जिसमें उन्नी मुकुंदन मुख्य भूमिका में थे। मोहनलाल ने अपने X अकाउंट पर फिल्म का पहला पोस्टर शेयर किया है। पोस्टर में किसी कलाकार का चेहरा नहीं, बल्कि एक विशाल प्रतिमा दिख रही है। 'ऑपरेशन गंगा' का पोस्टर सोसल मीडिया पर छाया हुआ है। मोहनलाल की 'ऑपरेशन गंगा' के पहले पोस्टर में शहर के बीच एक विशाल महिला प्रतिमा दिखाई दे रही है। उसने एक हाथ में तलवार और दूसरे हाथ में ढाल पकड़ी हुई है। प्रतिमा के चारों ओर घने बादल छाए हुए हैं और नीचे के ज्यादातर हिस्से को ढके हुए हैं। प्रतिमा के पास एक फाइटर जेट भी दिखाई दे रहा है। विजुअल से पता चलता है कि कहानी में मिलिट्री और देश के प्रति कर्तव्य से जुड़ी बातें दिखाई देगी। 'ऑपरेशन गंगा' टाइटल बड़े अक्षरों में लिखा है। इसके नीचे 'अ नेशन्स प्रॉमिस' टैगलाइन लिखी है। बता दें कि मोहनलाल ने हाल ही में 7 फिल्मों का ऐलान किया था। मोहनलाल कई जाने-माने एक्टर्स वाली कास्ट को लीड करेंगे। अर्जुन रामपाल, भाग्यश्री बोर्से, पार्थिबन और आदिल हुसैन भी इस प्रोजेक्ट का हिस्सा हैं। 'धुरंधर' फेम शाश्वत सचदेव को 'ऑपरेशन गंगा' का कंपोजर घोषित किया गया है। एक सोशल मीडिया यूजर ने कमेंट किया, 'फिल्म का तो पता नहीं, लेकिन म्यूजिक जबरदस्त होगा #Dhurandhar म्यूजिक डायरेक्टर #Shashwatsachdev #Mohanlal!' एक और फैन ने लिखा, 'बरदस्त क्रू #Music @shashwatology!' एक तीसरे रिएक्शन में लिखा था, 'सबकी नजरें आप पर हैं! @shashwatology'

## इम्तियाज अली की 'ओ साथी रे' की शूटिंग हुई पूरी, अर्जुन रामपाल ने अदिति राव संग तस्वीर शेयर कर दी अपडेट



बॉलीवुड एक्टर अर्जुन रामपाल ने इम्तियाज अली की फिल्म 'ओ साथी रे' की शूटिंग पूरी कर ली है। इस फिल्म में अदिति राव हैदरी और अविनाश तिवारी भी हैं। अर्जुन ने इम्तियाज और अदिति से मुलाकात की और उनके साथ अच्छा समय बिताया। उन्होंने इस मुलाकात की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर कीं और प्रोजेक्ट को लेकर अपनी खुशी जाहिर की है। गर्लफ्रेंड गैब्रिएला डेमेट्रियड्स से गोवा में शादी करने के बाद अर्जुन रामपाल अब अपनी प्रोफेशनल लाइफ को लेकर चर्चा में हैं। एक्टर अर्जुन रामपाल ने पोस्ट के कैप्शन में लिखा, 'कुछ बहुत ही टैलेंटेड और खास लोगों के साथ एक बहुत ही खास प्रोजेक्ट पूरा किया।

# साउथ सिनेमा अपनी जड़ों से जुड़ा, यही उसकी सबसे बड़ी खूबसूरती : नैला ग्रेवाल

बरेली की बर्फी, थप्पड़ और तमाशा जैसी फिल्मों में काम कर चुकी अभिनेत्री नैला ग्रेवाल आगामी बहुप्रतीक्षित साइंस-फिक्शन और एक्शन ड्रामा फिल्म 'राका' में नजर आएंगी। अभिनेत्री ने बताया कि साउथ इंडस्ट्री के लोग अपनी जड़ों से गहराई से जुड़े हुए हैं और अपनी फिल्मों के जरिए इसको दिखाते हैं। अभिनेत्री ने आईएएनएस के साथ बातचीत में कहा, "मुझे लगता है कि साउथ इंडस्ट्री की खूबसूरती यह है कि वे अपने कल्चरल ताने-बाने और जड़ों से बहुत जुड़े रहते हैं। वे अपनी फिल्मों और स्क्रिप्ट के जरिए अपने कल्चरल ताने-बाने को इतनी खूबसूरती से दिखाते हैं, जिससे हर तरह के लोग उनके सिनेमा की ओर खींचा चला आता है। मुझे लगता है कि यही उनकी खूबसूरती है कि वे असल में जैसे हैं, वैसे ही है। साथ ही, उनकी राइटिंग और स्क्रिप्टिंग भी बहुत अच्छी है।" नैला ग्रेवाल ने फिल्म 'राका' की हिंट देते हुए कहा, "आपने अभी तक फिल्म को लेकर जो कुछ भी देखा, उससे भी कई ज्यादा एक्साइटिंग होने वाला है। यह मेरे लिए बहुत खास सफर है।" अभिनेत्री ने अपने सिनेमाई सफर को याद करते हुए कहा कि वे खुद को खुशकिस्मत मानती हैं कि शुरुआत में ही उन्होंने रणबीर कपूर, रवि किशन समेत कई टैलेंटेड एक्टर्स के साथ काम किया है, जिनसे मुझे बहुत कुछ सीखने को मिला। उन्होंने कहा, "राका भी बहुत बढ़िया फिल्म है और इसमें मैंने प्रेरणादायक एक्टर्स के साथ काम किया है। जब आप दिलचस्प एक्टर्स के साथ काम करते हैं, तो एक अलग लेवल का चैलेंज होता है। वह चैलेंज प्रोजेक्ट, आपके कैरेक्टर और आपके पूरे अनुभव को और भी बेहतर बनाता है। इतनी शानदार स्टार कास्ट के साथ काम करने के बारे में मुझे ऐसा ही लगता है।" एटली कुमार के निर्देशन में बनी बहुप्रतीक्षित साइंस-फिक्शन और एक्शन ड्रामा फिल्म 'राका' में साउथ सुपरस्टार अल्लू अर्जुन मुख्य भूमिका में नजर आएंगे और रिपोर्ट्स के अनुसार वह इसमें ट्रिपल रोल (तीन अलग-अलग किरदार) निभा सकते हैं। उनके साथ लीड रोल में दीपिका पादुकोण, रश्मिका मंदाना, जान्हवी कपूर, मृणाल ठाकुर और ऐश्वर्या लक्ष्मी जैसे कई अन्य कलाकार भी अहम भूमिकाओं में हैं। यह फिल्म टाइम ट्रैवल, मल्टीवर्स और पुनर्जन्म जैसे अनोखे और बड़े कॉन्सेप्ट पर आधारित बताई जा रही है। अल्लू अर्जुन के पहले लुक पोस्टर में उनका एक बहुत ही अलग और खतरनाक अंदाज (जंगली या वेयरवुल्फ जैसा लुक) देखने को मिला है। फिल्म के बड़े पैमाने और अनोखे विषय को देखते हुए 'राका' को लेकर दर्शकों में पहले से ही काफी उत्सुकता है। फिल्म में विज्ञान और एक्शन के साथ भावनात्मक कहानी को किस तरह जोड़ा गया है, इसे लेकर भी लोगों की नजरें बनी हुई हैं। टाइम ट्रैवल और मल्टीवर्स जैसे विषयों के कारण कहानी के कई स्तरों पर आगे बढ़ने की उम्मीद की जा रही है। नैला ग्रेवाल के लिए भी यह प्रोजेक्ट उनके करियर का महत्वपूर्ण पड़ाव माना जा रहा है। अब तक अलग-अलग तरह के किरदार निभाने के बाद बड़े बजट की साइंस-फिक्शन फिल्म का हिस्सा बनना उनके अभिनय के दायरे को और विस्तृत कर सकता है। अभिनेत्री ने जिस तरह अपने सह-कलाकारों और पूरी टीम के साथ काम करने के अनुभव को खास बताया है, उससे फिल्म को लेकर उनकी उत्सुकता साफ नजर आती है। फिल्म की स्टार कास्ट भी इसे खास बना रही है। अल्लू अर्जुन के साथ दीपिका पादुकोण, रश्मिका मंदाना, जान्हवी कपूर, मृणाल ठाकुर और ऐश्वर्या लक्ष्मी जैसे कलाकारों की मौजूदगी ने दर्शकों का ध्यान खींचा है। अलग-अलग भाषाओं और फिल्म इंडस्ट्री से आने वाले कलाकारों के एक साथ काम करने से फिल्म को व्यापक दर्शक वर्ग तक पहुंचने का मौका मिल सकता है। अल्लू अर्जुन का कथित ट्रिपल रोल भी फिल्म की सबसे चर्चित बातों में शामिल है। यदि फिल्म में तीन अलग-अलग किरदारों के जरिए कहानी को आगे बढ़ाया जाता है, तो प्रत्येक भूमिका के लुक और व्यक्तित्व में अंतर दर्शकों के लिए बड़ा आकर्षण हो सकता है। वहीं उनका जारी किया गया अलग अंदाज वाला पहला लुक फिल्म की रहस्यमयी दुनिया की झलक देता है। एटली कुमार के निर्देशन में तैयार हो रही इस फिल्म से तकनीकी स्तर पर भी काफी उम्मीदें हैं।



## 'तुम सब पागल हो क्या?', अपूर्वा मखीजा को डोनेशन देकर NYU में मिला एडमिशन?



'द रेबेल किड' के नाम से मशहूर कंटेंट क्रिएटर अपूर्वा मखीजा अब न्यूयॉर्क में अपना डेरा जमा चुकी हैं। अपूर्वा ने MBA की पढ़ाई के लिए न्यूयॉर्क यूनिवर्सिटी (NYU) में एडमिशन लिया है। हालांकि, इस नए सफर की शुरुआत से पहले ही अपूर्वा के एडमिशन को लेकर ऑनलाइन अटकलें शुरू हो गई हैं। कई सोशल मीडिया पोस्ट्स में दावा किया गया कि अपूर्वा ने डोनेशन के दम पर यूनिवर्सिटी में एडमिशन लिया है। इन दावों पर अब खुद अपूर्वा मखीजा ने प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने अपने यूट्यूब चैनल पर अपलोड किए हालिया वीडियो में इन अफवाहों को सिरे से खारिज कर दिया है और कहा कि उन्हें उनके एकेडमिक और प्रोफेशनल अनुभवों के चलते एप्लीकेशन में मदद मिली है। अपूर्वा ने अपने वीडियो में बताया कि उन्हें सोशल मीडिया पर कुछ पोस्ट्स दिखीं, जिनमें कहा गया है कि उन्हें उनके पैसों के दम पर एडमिशन मिला है। अपूर्वा ने इन दावों को खारिज करते हुए कहा कि उन्हें अपने एकेडमिक रिकॉर्ड, काम के अनुभव के चलते एडमिशन मिला है। वह कहती हैं- 'आप सब पागल हो गए हैं? पहली बात तो ये कि इतना डोनेशन देने के लिए मेरे पास पैसे नहीं हैं और दूसरी बात ये कि यहां की फीस ही इतनी ज्यादा है कि ये डोनेशन जैसी ही लगती है।

## 'हनुमान अंश' उत्तराखंड में हुई टैक्स फ्री, सीएम धामी ने टीम को दी बधाई, बोले- 'नीम करौली बाबा को जान पाया'

छोटे बजट में बनी फिल्म 'हनुमान अंश' की चमत्कारिक कमाई ने सबको चौंका दिया है। फिल्म के निर्देशक विशाल चतुर्वेदी ने हाल ही में बताया कि कैसे आज जिस फिल्म की चर्चा हर तरफ है, उसे कोई भी ओटीटी प्लेटफॉर्म खरीदने को तैयार नहीं था। विशाल चतुर्वेदी के निर्देशन में बनी इस फिल्म ने अपनी रिलीज के 30 दिनों में 85 करोड़ से ज्यादा का कलेक्शन कर लिया है। 2 करोड़ के मामूली बजट में बनी इस फिल्म का जादुई कलेक्शन अब हर तरफ चर्चा का विषय बना हुआ है। प्रतिदिन कमाई के मामले में 'हनुमान अंश' बॉक्स ऑफिस पर सुपरस्टार यश की 'टॉक्सिक' को भी जबरदस्त टक्कर दे रही है। इस बीच उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने घोषणा की है कि 'हनुमान अंश' को राज्य में टैक्स-फ्री किया जाएगा। सीएम धामी ने शुक्रवार को अपनी पत्नी गीता धामी और कैबिनेट सहयोगियों और कई विधायकों के साथ देहरादून के एक सिनेमाघर में ये फिल्म देखने के बाद ये ऐलान किया है। सीएम धामी ने X पर एक पोस्ट शेयर करते हुए 'हनुमान अंश' की जमकर तारीफ की और इसे उन फिल्मों में से एक बताया जो देश-दुनिया में राज्य की आध्यात्मिक और सांस्कृतिक विरासत को दिखाने में अहम भूमिका निभाती हैं। उन्होंने अपने पोस्ट में लिखा- 'हनुमान अंश के जरिए हमें नीम करौली बाबा की तपस्या, त्याग, सेवा और बजरंगबली हनुमान पर उनकी अटूट आस्था को जानने और समझने का मौका मिला है। नीम करौली बाबा का पूरा जीवन मानवता की सेवा, समाज कल्याण और आध्यात्मिक सेवा के लिए समर्पित था।' सीएम धामी ने आगे कहा- 'बाबा नीम करौली महाराज जी का जीवन हम सबको ये संदेश देता है कि भक्ति सिर्फ साधना का मार्ग नहीं है।



भक्ति सेवा, समर्पण और मानव कल्याण का भी मार्ग भी है। इस प्रेरणादायक और आध्यात्मिक फिल्म को बनाने के लिए 'हनुमान अंश' की टीम को बहुत-बहुत बधाई। कैंची धाम अब दुनिया भर में आस्था और श्रद्धा का एक बड़ा केंद्र बन गया है।' जीवन, मृत्यु और मानवीय दुखों के सवालों के जवाब के लिए वह उत्तर भारत की यात्रा करते-करते संत नीम करौली बाबा बन जाते हैं और अपना पूरा जीवन प्रेम, सेवा और अनगिनत लोगों के जीवन को प्रभावित करने में व्यतीत कर देते हैं।

# सार समाचार

## रूस की वॉर विक्ट्री प्रतिमा से आहत जापान, मास्को से इसे हटाने का किया अनुरोध



टोक्यो। जापान की प्रधानमंत्री सनाए ताकाइची और विदेश मंत्री तोशिमित्सु मोटेगी ने शनिवार को रूस से खबारोव्स्क में लगाई गई 'वॉर विक्ट्री प्रतिमा' को हटाने की अपील की। इस मूर्ति में एक सोवियत सैनिक को 'क्रिसेंथेमम' (गुलदाउदी के फूल जैसा) निशान वाले पत्थर के खंभे या मार्कर को नष्ट करते हुए दिखाया गया है। 'क्रिसेंथेमम' का निशान जापान की पहचान माना जाता है। क्योडो न्यूज एजेंसी ने बताया कि ताकाइची का कहना है कि इसके विनाश को दिखाने वाले स्मारक को लगाना "बिल्कुल भी स्वीकार्य नहीं" है। वहीं, विदेश मंत्री ने एक बयान जारी कर कहा, "4 सितंबर को खाबरोव्स्क में लगाई गई कांस्य प्रतिमा में जापानी चिह्न को नष्ट करते दिखाना बिल्कुल भी स्वीकार्य नहीं है। ये प्रतिमा रचनात्मक नहीं कही जा सकती खासकर तब जब गुलदाउदी का फूल जो जापान को दर्शाता है। ये जापानी लोगों की भावनाओं को आहत करता है। हमने रूसी पक्ष से इसे हटाने का अनुरोध किया है। ये भी दुखद है कि अब तक उन्होंने इस पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है, लेकिन जापान पूरी ताकत से इसके खिलाफ अपनी बात रखता रहेगा।" यह स्मारक रूस के सुदूर पूर्वी शहर खाबारोव्स्क के 'मुराव्योव-अमूर्स्की रीजनल पार्क' में स्थापित किया गया। इसकी ऊंचाई 15 मीटर की है। इसमें सोवियत सैनिक अपनी बंदूक से एक पत्थर को तोड़ते हुए देखा जा सकता है। इस पत्थर पर गुलदाउदी का चिह्न अंकित है, जो जापान के शाही परिवार और सैन्यवाद का प्रतीक माना जाता है। जापान और रूस के बीच पिछले कुछ दिनों में तल्खी बढ़ी है।

## बैंकॉक में वान्या शर्मा ने रचा इतिहासः दो स्वर्ण पदक जीतकर बनीं चैंपियन ऑफ चैंपियंस



बैंकॉक। भारत की युवा योगासन प्रतिभा वान्या शर्मा ने अंतरराष्ट्रीय खेल मंच पर शानदार प्रदर्शन करते हुए 4वीं UYSF एशिया पैसिफिक योगासन स्पोर्ट्स चैंपियनशिप 2026 में देश का गौरव बढ़ाया। वान्या ने उप-कनिष्ठ वर्ग में दो स्वर्ण पदक अपने नाम करने के साथ ही प्रतियोगिता का प्रतिष्ठित "चैंपियन ऑफ चैंपियंस" खिताब हासिल कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। बैंकॉक में आयोजित इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में 7 देशों के खिलाड़ियों ने भाग लिया। थाईलैंड, मलेशिया, वियतनाम, श्रीलंका और बांग्लादेश सहित विभिन्न देशों के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों के बीच भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए वान्या ने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से तिरंगे का मान बढ़ाया। वान्या ने पारंपरिक योगासन स्पर्धा में अद्भुत संतुलन, लचीलापन, एकाग्रता और शारीरिक नियंत्रण का प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीता।

## असीम मुनीर की बढ़ती ताकत भी नहीं छिपा पा रही पाकिस्तान की घरेलू कमजोरियां



इस्लामाबाद। एक रिपोर्ट में कहा गया है कि पाकिस्तान के सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर को विदेशों में मिलने वाली स्वीकार्यता और समर्थन देश की घरेलू कमजोरियों को लंबे समय तक नहीं छिपा सकता। मुनीर जितने अधिक व्यक्तिगत रूप से शक्तिशाली होते जाएंगे, पाकिस्तान की सफलताएं और असफलताएं उतनी ही ज्यादा उनके नेतृत्व से जुड़ती जाएंगी। रिपोर्ट के अनुसार, पाकिस्तान की आर्थिक परेशानियों को अब केवल सरकार की समस्या कहकर नहीं टाला जा सकता। वहीं, आंतरिक सुरक्षा में नाकामियों के लिए भी केवल नागरिक प्रशासन को दोष देना मुश्किल होता जा रहा है, क्योंकि राष्ट्रीय सुरक्षा मामलों में सेना का प्रभाव बहुत व्यापक है। 'वन वर्ल्ड आउटलुक' की रिपोर्ट में कहा गया है कि राजनीतिक दमन भी अब धीरे-धीरे उस सेना प्रमुख से जुड़ता जा रहा है, जो पूरे सिस्टम की निगरानी करता है। रिपोर्ट के मुताबिक, पाकिस्तान अभी भी आर्थिक रूप से सीमित और राजनीतिक रूप से बंटा हुआ देश बना हुआ है। स्थिरता की छवि पेश करने के लिए वह लगातार कठोर उपायों पर निर्भर होता जा रहा है। वहीं, खैबर पख्तूनख्वा और बलूचिस्तान प्रांतों में उग्रवाद अब भी बड़ी चुनौती बना हुआ है। रिपोर्ट में कहा गया है कि ईरान के साथ पाकिस्तान के रिश्ते आधिकारिक बयानों में जितने अच्छे दिखाए जाते हैं, वास्तव में उतने नहीं हैं। इसके अलावा, सेना के भीतर लिए गए कुछ फैसले असंतुष्ट जनरलों की संख्या बढ़ा सकते हैं, जो असीम मुनीर के लिए चिंता का कारण बन सकता है।

# ईरान ने अमेरिका के हमले का दिया जवाब, अमेरिकी एयरक्राफ्ट कैरियर और डिस्ट्रॉयर पर दागी मिसाइलें



अमेरिका ने तीन ईरानी तेल टैंकरों पर हमला किया और इसका वीडियो भी जारी किया। वहीं अब इसके बाद ईरान ने भी जवाबी कार्रवाई करते हुए अमेरिकी एयरक्राफ्ट कैरियर और एक डिस्ट्रॉयर पर कई बैलिस्टिक मिसाइलें दागीं। बता दें कि अमेरिका और ईरान के बीच संघर्ष लगातार जारी है। इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (IRGC) की एयरोस्पेस फोर्स ने दावा किया कि उसने अमेरिका के एक एयरक्राफ्ट कैरियर और एक डिस्ट्रॉयर पर बैलिस्टिक मिसाइलें दागीं। IRGC का आरोप है कि ये दोनों युद्धपोत ईरानी जहाजों को परेशान कर रहे थे और इस्लामिक रिपब्लिक के खिलाफ नौसैनिक घेराबंदी में शामिल थे। घटना को लेकर ईरान के सरकारी ब्रॉडकास्टर 'इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ ईरान ब्रॉडकास्टिंग' (IRIB) की एक रिपोर्ट के अनुसार, IRGC ने कहा कि ईरानी जहाजों के खिलाफ लगातार हो रही आक्रामक कार्रवाइयों के बीच अमेरिकी नौसेना के इन दो जहाजों को निशाना बनाया गया। IRIB की रिपोर्ट के मुताबिक, बयान में कहा गया, "इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स की एयरोस्पेस फोर्स ने बच्चों की हत्या करने वाली अमेरिकी सेना के एयरक्राफ्ट कैरियर और डिस्ट्रॉयर पर कई बैलिस्टिक मिसाइलों से हमला किया। ये जहाज ईरानी जहाजों को परेशान कर रहे थे और नौसैनिक घेराबंदी में शामिल थे।" बयान में कहा गया, "नुकसान होने और एक और हमले के डर से दोनों युद्धपोतों को संघर्ष वाले इलाके से भागने पर मजबूर होना पड़ा।" यह दावा ऐसे समय में किया गया है जब ईरानी तेल टैंकरों पर अमेरिकी हमलों और उसके बाद अमेरिका से जुड़े जहाजों पर ईरानी हमलों के कारण क्षेत्र में फिर से सैन्य तनाव बढ़ गया है। इससे पहले, IRGC की नौसेना ने कहा था कि उसने 'स्ट्रेट ऑफ होर्मुज' में "अनधिकृत रास्ते" से गुजर रहे तीन तेल टैंकरों और अन्य इलाकों में अमेरिका से जुड़े तीन जहाजों को निशाना बनाया था। IRGC की नौसेना ने कहा कि यह कार्रवाई तीन ईरानी तेल टैंकरों पर अमेरिकी हमलों के जवाब में की गई थी।

# नेपाल में फिर हुई भयानक लैंडस्लाइड, नदी का बहाव आंशिक रूप से बाधित; हाई अलर्ट



नेपाल के दार्चुला जिले में जबरदस्त भूस्खलन की वजह से अचानक बाढ़ का नया खतरा पैदा हो गया है। नेपाल में पहले से ही 26 अगस्त को आई बाढ़ की आपदा के असर से जूझ रहा है। इस हादसे में अब तक 1,300 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है और लगभग 5,000 लोग लापता हैं। ताजा भूस्खलन के पास चौलानी नदी का बहाव आंशिक रूप से रुक गया है, जिसके कारण अधिकारियों ने नदी के निचले इलाकों में रहने वाले लोगों को हाई अलर्ट पर रहने को कहा है। बता दें कि शुक्रवार को एपी हिमाल रूरल म्युनिसिपैलिटी के भट्टार इलाके में भूस्खलन हुआ, जिससे भारी मात्रा में मलबा नदी में गिर गया और नदी का बहाव बाधित हो गया। दार्चुला जिला प्रशासन कार्यालय ने चेतावनी दी है कि अगर भूस्खलन होने से नदी पूरी तरह से बंद हो सकती है, जिससे अचानक नदी का बांध टूटने और निचले इलाकों में अचानक बाढ़ आने का खतरा पैदा हो सकता है। अधिकारियों ने नदी के किनारे रहने वाले लोगों से सतर्क रहने और जरूरी सावधानी बरतने की अपील की है। निवासियों को सचेत करने और आपातकालीन स्थिति में कार्रवाई के लिए तैयार रहने के लिए सुरक्षा कर्मियों को तैनात किया गया है। सुदूरपश्चिम के मुख्यमंत्री खगराज भट्ट ने स्थानीय अधिकारियों और सुरक्षा एजेंसियों को हाई अलर्ट पर रहने और किसी भी आपात स्थिति के लिए तैयार रहने का निर्देश दिया है। बाढ़ और आपदा में मदद के लिए इमरजेंसी कॉन्टैक्ट नंबर भी जारी किए गए हैं। हालांकि, हालात पर नजर रखने और जरूरत पड़ने पर आस-पास के लोगों को चेतावनी देने के लिए बालंच में नेपाल चमेलिया हाइड्रोपावर सिक्योरिटी बेस के जवानों को तैनात किया गया है।

# नेपाल में बाढ़ के 11वें दिन मलबे से सुरक्षित निकाली गईं 2 जिंदगियां, सामने आया वीडियो



नेपाल में 26 अगस्त को आई विनाशकारी बाढ़ के 11वें दिन भी रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है। इस बीच, आज (शनिवार को) मलबे में फंसी दो जिंदगियों को बचाया गया। इसमें एक महिला और दूसरे चीनी नागरिक को सुरक्षित रेस्क्यू किया गया। रेस्क्यू ऑपरेशन का वीडियो भी सामने आया है। बता दें कि नेपाल के नुवाकोट जिले में बाढ़ में फंसी एक महिला को 11वें दिन सुरक्षित बाहर निकाला गया। सशस्त्र पुलिस बल की टीम ने आज नुवाकोट जिले के विदुर वेत्रावती स्थित एक घर से महिला का रेस्क्यू किया। सशस्त्र पुलिस बल के मुताबिक, रेस्क्यू की गई महिला की पहचान वेत्रावती निवासी 64 वर्षीय चण्डिका श्रेष्ठ के रूप में हुई है। उन्हें उनके ही घर की चौथी मंजिल से सुरक्षित बाहर निकाला गया। महिला की खराब हालत को देखते हुए उन्हें हेलीकॉप्टर के जरिए इलाज के लिए काठमांडू लाया जा रहा है। जान लें कि बाढ़ से प्रभावित अपर त्रिशूली-1 (216 मेगावाट) जलविद्युत परियोजना की एडिट-4 सुरंग से शनिवार दोपहर एक चीनी नागरिक को भी सुरक्षित बाहर निकाला गया। नेपाल के प्रधानमंत्री कार्यालय के मुताबिक, नेपाली सेना और दक्षिण कोरिया की आपदा विशेषज्ञ टीम ने कुछ समय पहले सुरंग के अंदर से उनका रेस्क्यू किया। गौरतलब है कि रेस्क्यू किए गए चीनी नागरिक को इलाज के लिए नुवाकोट के त्रिशूली स्थित मैथिली बैरक ले जाया जा रहा है। बाढ़ आने के 11वें दिन सुरंग से उनको सुरक्षित रेस्क्यू किया गया है। बता दें कि नेपाल में महातबाही में मरने वालों का आंकड़ा 1 हजार 344 तक पहुंच चुका है। 5 हजार से ज्यादा लोग अभी भी लापता हैं। इससे पहले हाल ही में एक व्लॉगर ने नेपाल में बाढ़ प्रभावित जगह की रियलिटी दिखाई थी। उसने वीडियो में बताया था कि सड़ी हुई लाशों की बदबू आ रही है। सत्यम ने बाद में ट्रक के पीछे के हिस्से पर चढ़कर भी दिखाया था कि वह हिस्सा कितनी गहराई तक पानी में डूब गया। बाढ़ के इतने दिन बाद भी मलबे और क्षतिग्रस्त इमारतों में लोगों के फंसे होने की आशंका के चलते बचाव दलों ने तलाशी अभियान जारी रखा है। प्रभावित क्षेत्रों में राहत और बचाव कर्मी मलबे को हटाकर संभावित स्थानों की जांच कर रहे हैं। खराब मौसम, सड़क संपर्क बाधित होने और कई इलाकों में पहुंच मुश्किल होने के कारण अभियान में लगातार चुनौतियां बनी हुई हैं। रेस्क्यू टीमों के लिए हर गुजरते दिन के साथ अभियान और अधिक कठिन होता जा रहा है।

# महिंदा राजपक्षे के बड़े बेटे नमल को पुलिस ने किया गिरफ्तार




कोलंबो। श्रीलंका के पूर्व राष्ट्रपति महिंदा राजपक्षे के बड़े बेटे नमल राजपक्षे को गिरफ्तार किया गया है। उन्हें देश के भ्रष्टाचार-रोधी आयोग ने श्रीलंकन एयरलाइंस के लिए एयरबस विमानों की खरीद से जुड़े कथित भ्रष्टाचार के मामले में गिरफ्तार किया गया। बता दें कि 40 वर्षीय नमल राजपक्षे को शुक्रवार को रिश्वत या भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच करने वाले आयोग (CIABOC) के सामने पेश होने के लिए कहा गया था। भ्रष्टाचार-रोधी आयोग द्वारा पांच घंटे से अधिक समय तक पूछताछ के बाद उन्हें गिरफ्तार किया गया। बाद में उन्हें मजिस्ट्रेट असांगा एस बोडेरागामा के सामने पेश किया गया। अधिकारियों ने बताया कि कोलंबो के मजिस्ट्रेट ने उन्हें 18 सितंबर तक रिमांड पर भेज दिया। विपक्षी पार्टी 'श्रीलंका पोडुजाना पेरामुना' (SLPP) के नेता नमल राजपक्षे से यह पूछताछ उस जानकारी के आधार पर की गई थी कि उन्हें अपने पिता के राष्ट्रपति कार्यकाल के दौरान श्रीलंकन एयरलाइंस के लिए बड़े आकार वाले एयरबस विमानों की खरीद से 8,00,000 डॉलर का फायदा हुआ था। उस समय विभिन्न बैंक खातों में कमीशन जमा किए गए थे। दो साल पहले मौजूदा 'नेशनल पीपल्स पावर' सरकार के सत्ता में आने के बाद से राजपक्षे परिवार के किसी सदस्य की यह पहली रिमांड थी। नमल राजपक्षे के चचेरे भाई शशेंद्र राजपक्षे भी इस साल की शुरुआत में रिमांड पर भेजे गए थे और अभी जमानत पर हैं। बता दें कि इससे पहले नमल राजपक्षे ने उत्तर-मध्य शहर अनुराधापुरा में 12 सितंबर को सरकार विरोधी एक बड़ी जनसभा आयोजित करने की योजना की घोषणा की थी। SLPP ने दावा किया कि उनकी रिमांड सरकार की एक चाल थी ताकि रैली और सरकार के खिलाफ उनके विरोध अभियान को रोका जा सके। नमल राजपक्षे के भाई-बहनों पर भी गलत काम करने के कई आरोप हैं, जिन्हें वे सभी राजनीतिक बदले की कार्रवाई बताते हैं।

# खार्ग द्वीप के पास ईरानी तेल टैंकर पर हमला: तेहरान का अमेरिका पर आरोप

तेहरान। ईरान के प्रमुख तेल टर्मिनल खार्ग द्वीप के आसपास शनिवार को कई धमाकों की आवाज सुनी गई। ईरान की मीडिया ने इसकी जानकारी दी। हालांकि धमाकों के स्रोत की तत्काल पुष्टि नहीं हो सकी। अर्ध-सरकारी समाचार एजेंसी फार्स के मुताबिक धमाकों की आवाज सुनाई दी, लेकिन घटनास्थल के ऊपर धुआं दिखाई नहीं दिया। वहीं, ईरानी समाचार एजेंसी एसएनएन ने दावा किया कि खार्ग द्वीप के पास एक ईरानी तेल टैंकर को अमेरिका ने निशाना बनाया। प्रेस टीवी के मुताबिक, स्थानीय सूत्र ने बताया कि खार्ग द्वीप से करीब छह समुद्री मील दूर एक ईरानी टैंकर पर अमेरिकी बलों की ओर से चार प्रोजेक्टाइल दागे गए। हमले में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। टैंकर के चालक दल को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। अधिकारियों की ओर से फिलहाल टैंकर को हुए नुकसान की विस्तृत जानकारी नहीं दी गई है। घटना की परिस्थितियों और हमले की प्रकृति की जांच की जा रही है। पिछले कुछ दिनों से अमेरिका और ईरान के बीच टकराव बढ़ गया है। सोमवार को अमेरिकी सैन्य बलों ने होर्मुज जलडमरूमध्य में लारक द्वीप पर हमला किया था, जिसमें तीन लोगों की मौत हुई। मंगलवार को खुझेस्तान प्रांत के अहवाज और अघाजरी के आसपास तीन स्थानों पर अमेरिकी मिसाइल हमलों में सात लोगों की मौत और आठ अन्य के घायल होने का दावा किया गया था। इसी दिन होर्मोजगान प्रांत के कुहस्तक में एक रिहायशी इमारत को भी निशाना बनाए जाने की बात सामने आई।

# अफ्रीका के देशों ने बदलवा दिया दुनिया का नक्शा! अमेरिका का विरोध भी हुआ बेअसर; यूएन ने दी मंजूरी



संयुक्त राष्ट्र। संयुक्त राष्ट्र महासभा ने शुक्रवार को दुनिया के एक ऐसे मानचित्र के इस्तेमाल का समर्थन किया है, जिसमें अफ्रीका का असली आकार ज्यादा साफ दिखता है। यह फैसला अफ्रीकी देशों और कई संगठनों के लंबे अभियान के बाद आया। टोगो ने इस प्रस्ताव को पेश किया था, जिसे अफ्रीकी संघ के सदस्यों का समर्थन मिला। मतदान में 164 देशों ने प्रस्ताव के पक्ष में वोट दिया, जबकि सिर्फ अमेरिका ने इसका विरोध किया। वहीं सर्बिया, एस्टोनिया, जॉर्जिया, लिथुआनिया, मोल्दोवा और यूक्रेन ने मतदान में हिस्सा नहीं लिया। संयुक्त राष्ट्र ने दुनिया की सरकारों और संस्थानों को सदियों से इस्तेमाल हो रहे पारंपरिक मर्केटर प्रोजेक्शन की जगह 'इक्वल अर्थ' प्रोजेक्शन अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया है। मर्केटर प्रोजेक्शन का इस्तेमाल आम तौर पर 16वीं सदी से किया जा रहा है। भूगोल विशेषज्ञों और इस अभियान से जुड़े संगठनों का कहना है कि यह नक्शा दुनिया के कई हिस्सों के वास्तविक आकार को सही तरीके से नहीं दिखाता। नए 'इक्वल अर्थ' नक्शे में महाद्वीपों को उनके वास्तविक अनुपात के ज्यादा करीब दिखाया गया है। इसका सबसे बड़ा फर्क अफ्रीका और ग्रीनलैंड के आकार में नजर आता है। मर्केटर नक्शे में ग्रीनलैंड और अफ्रीका लगभग एक ही आकार के दिखाई देते हैं। जबकि वास्तविक क्षेत्रफल के हिसाब से अफ्रीका ग्रीनलैंड से करीब 14 गुना बड़ा है। इक्वल अर्थ प्रोजेक्शन में अफ्रीका को उसके वास्तविक अनुपात के करीब दिखाया जाता है। समर्थकों का कहना है कि इससे दुनिया के अलग-अलग हिस्सों के आकार को लेकर लोगों की समझ ज्यादा सही होगी।

# मक्का समझौते में शामिल होना बांग्लादेश के लिए ठीक नहीं, सौ बार करे विचार

ढाका। पाकिस्तान-सऊदी अरब और तुर्की के बीच हुए मक्का संयुक्त रक्षा समझौते में बांग्लादेश के शामिल होने की अटकलों के बीच, एक रिपोर्ट ने उसे सतर्क रहने की सलाह दी है। चेतावनी दी गई है कि इस गठबंधन में शामिल होने से देश ऐसी सुरक्षा प्रतिबद्धताओं में फंस सकता है जो उसके राष्ट्रीय हितों के अनुकूल नहीं होंगी। बांग्लादेशी दैनिक 'द डेली ऑब्जर्वर' की एक रिपोर्ट कहती है कि किसी भी जंग में शामिल होने से पहले देश को सौ बार सोचने की जरूरत होगी। बांग्लादेश के सामने चुनौती बड़ी है। उसे फैसला करना है कि क्या वह किसी दूसरे देश की सुरक्षा रणनीति का हिस्सा बने या अपनी सुरक्षा प्राथमिकताएं खुद तय करे? उसे अपनी समझ-बूझ नहीं खोनी चाहिए और न ही खुद को किसी "खतरनाक जाल" में फंसने देना चाहिए। रिपोर्ट में विस्तार से बताया गया है, "जब कोई देश किसी सैन्य गठबंधन में शामिल होता है, तो वह सिर्फ किसी दस्तावेज पर दस्तखत नहीं करता; बल्कि अपने भविष्य के कुछ फैसले दूसरों के हाथों में सौंप देता है। पहली नजर में, ऐसी व्यवस्था दोस्ती, भाईचारे, आपसी सहयोग और सामूहिक सुरक्षा का भरोसा दिलाती हुई लग सकती है। लेकिन गहराई से देखने पर मुश्किल सवाल खड़े होते हैं। इसलिए, बांग्लादेश को 'मक्का जॉइंट डिफेंस' समझौते में शामिल करने पर हो रही बहस सिर्फ कूटनीतिक शिष्टाचार का मामला नहीं है। यह देश की सुरक्षा, संप्रभुता, अर्थव्यवस्था और लंबे समय से चली आ रही विदेश नीति से जुड़ा मामला है।"

# खेल समाचार

## दलीप ट्रॉफी: फाइनल में साउथ जोन के लिए खेलेंगे पडिक्कल और सिराज

नई दिल्ली। भारत के इंटरनेशनल खिलाड़ी देवदत्त पडिक्कल और मोहम्मद सिराज दलीप ट्रॉफी के फाइनल मुकाबले मे साउथ जोन की तरफ से खेलेंगे। खिताबी मुकाबले में साउथ जोन की भिड़ंत ईस्ट जोन से 6 सितंबर से होनी है। ये दोनों खिलाड़ी हाल ही में श्रीलंका के खिलाफ दो मैचों की टेस्ट सीरीज में खेले थे, जिसे भारत ने 1-0 से अपने नाम किया था।

इस सीरीज में पडिक्कल का प्रदर्शन दमदार रहा था और उन्होंने 2 टेस्ट मैचों में 328 रन बनाए थे। पडिक्कल के बल्ले से दोनों ही मुकाबलों में शतकीय पारी निकली थी और वह 'प्लेयर ऑफ द सीरीज' रहे थे। सिराज का प्रदर्शन भी श्रीलंका के खिलाफ बढ़िया रहा था और उन्होंने कुल 4 विकेट अपने नाम किए थे। हालांकि, इन दोनों को फाइनल के लिए टीम में शामिल किया गया है, लेकिन यह साफ नहीं है कि इन्होंने टीम में किसकी जगह ली है। 'ईएसपीएन क्रिकइंफो' के अनुसार, वैभव सूर्यवंशी, ईशान किशन और तिलक वर्मा नियमित रूप से भारत की टी20 टीम का हिस्सा हैं।

इसके बावजूद, उनके दलीप ट्रॉफी का फाइनल खेलने की संभावना है। पडिक्कल और सिराज को फाइनल मुकाबले के लिए साउथ जोन के स्क्वॉड में शामिल किया गया है।

## वुमेंस एशिया कप में भारत ने पाकिस्तान को 7 विकेट से रौंदा, लगाई जीत की हैट्रिक



महिला एशिया कप 2026 में आज (5 सितंबर) भारतीय महिला टीम का सामना पाकिस्तान से हुआ। इस मैच में भारत ने पाकिस्तान को 7 विकेट से हराकर इस टूर्नामेंट में लगातार तीसरी जीत दर्ज की है। भारतीय टीम ने इस मैच में पहले बॉलिंग की और पाकिस्तान को 55 रन पर ऑलआउट कर दिया। जवाब में टीम इंडिया ने 8.4 ओवर में 7 विकेट रहते इस टारगेट को हासिल कर लिया। पाकिस्तान की बल्लेबाजी की बात करें तो टीम की तरफ से सिर्फ दो बल्लेबाज डबल डिजिट स्कोर में रन बनाने में कामयाब रही। वहीं चार बल्लेबाज को खाता भी नहीं खोल पाए। पाकिस्तान की ओर से शावल जुलफिकर ने सबसे ज्यादा 14 और मुनीबा अली ने 13 रन बनाए। भारत की ओर से श्री चरणी और प्रेमा रावत ने तीन-तीन विकेट लिए, जबकि दीप्ति शर्मा को दो और शेफाली वर्मा को एक विकेट मिला। टीम इंडिया की बल्लेबाजी की बात करें तो शैफाली वर्मा ने टीम को तेज शुरुआत दिलाई। उन्होंने 6 गेंदों में 12 रन बनाए। वहीं स्मृति मंधाना ने 11 गेंदों में 9 रन की पारी खेली। प्रतिका रावल 4 रन बनाकर आउट हुईं। अंत में हरमनप्रीत कौर और दीप्ति शर्मा की जोड़ी टीम को जीत दिलाकर वापस लौटी। कप्तान हरमन ने 18 गेंदों में 18 रन बनाए, वहीं दीप्ति शर्मा 14 बॉल पर 12 रन बनाकर नाबाद लौटी। पाकिस्तान की तरफ से तीनों विकेट फातिमा सना ने लिया।

## दलीप ट्रॉफी फाइनल: अपना '100वां फर्स्ट क्लास' मैच खेलने उतरेंगे शमी



नई दिल्ली। दलीप ट्रॉफी 2026 का फाइनल रविवार से चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में ईस्ट जोन और साउथ जोन के बीच खेला जाना है। तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी इस मुकाबले में ईस्ट जोन की तरफ से उतरेंगे, जो उनका फर्स्ट क्लास करियर में 100वां मैच होगा। क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ बंगाल (कैब) ने भारतीय तेज गेंदबाज को इस ऐतिहासिक मैच से पहले सम्मानित किया है। कैब के कोषाध्यक्ष संजय दास ने मोहम्मद शमी को 'नंबर 100' वाली एक जर्सी भेंट की, जिस पर कैब अध्यक्ष और भारत के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली के हस्ताक्षर थे। उन्हें गांगुली के हस्ताक्षर वाली एक गेंद और एक सिल्वर पट्टिका भी दी गई। साथ ही, इस उपलक्ष्य का जश्न मनाने के लिए उन्होंने केक भी काटा।

क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ बंगाल ने समारोह की तस्वीरों के साथ कैप्शन में लिखा, "चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में रविवार को होने वाले दलीप ट्रॉफी फाइनल में मोहम्मद शमी अपना 100वां फर्स्ट-क्लास मैच खेलेंगे। इस खास मौके पर, क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ बंगाल (कैब) के कोषाध्यक्ष संजय दास ने कैब अध्यक्ष सौरव गांगुली की ओर से शनिवार को चेन्नई में अनुभवी तेज गेंदबाज को सम्मानित किया। दास ने शमी को गांगुली के हस्ताक्षर वाली खास 'नंबर 100 बंगाल जर्सी', पूर्व भारतीय कप्तान के हस्ताक्षर वाली एक खास गेंद और एक सिल्वर पट्टिका भेंट की।"

इस बीच, शमी को उनकी ईस्ट जोन टीम के साथियों के हस्ताक्षर वाली जर्सी भी दी गई। इस दौरान कप्तान ईशान किशन, वैभव सूर्यवंशी और मुकेश कुमार को 36 वर्षीय तेज गेंदबाज के साथ देखा गया। ईस्ट जोन टीम के सभी सदस्यों को मिठाई का एक डिब्बा भी मिला, जिसमें गांगुली का एक संदेश था।

## हमारी बल्लेबाजी लड़खड़ा गई, पूरी पारी के दौरान संघर्ष किया: फातिमा सना




दुबई। पाकिस्तान को भारत के खिलाफ शनिवार को दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में खेले गए विमेंस एशिया कप 2026 के 9वें मुकाबले में 7 विकेट से करारी हार का सामना करना पड़ा। हार के बाद पाकिस्तान कप्तान फातिमा सना ने स्वीकार किया है कि उनकी टीम की बल्लेबाजी खराब रही और पूरी पारी के दौरान टीम ने संघर्ष किया। पाकिस्तानी कप्तान फातिमा सना ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला लिया, लेकिन ये निर्णय टीम पर भारी पड़ गया और पाकिस्तानी टीम 18.1 ओवरों में सिर्फ 55 रन पर सिमट गई। आलम ये रहा कि पाकिस्तान के सिर्फ 2 बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा छू सकीं। चार खिलाड़ी अपना खाता तक नहीं खोल सकीं। पहले बल्लेबाजी करने के फैसले पर पाकिस्तानी कप्तान ने कहा, हमारी बल्लेबाजी लड़खड़ा गई पूरी पारी के दौरान हमने संघर्ष किया। हमें पता था कि विकेट ताजा है और हम अधिक से अधिक रन बनाना चाहते थे। हमें भरोसा था कि हमारी गेंदबाजी इकाई अच्छी है। आसान लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम ने 29 के स्कोर तक अपने 3 विकेट गंवा दिए थे। हालांकि, इसके बाद टीम ने 8.4 ओवरों में 7 विकेट शेष रहते मैच अपने नाम कर लिया। पाकिस्तान के लिए तीनों विकेट फातिमा सना (3 ओवरों में 17 रन देकर 3 विकेट) हासिल किए। कप्तान सना निजी उपलब्धि से ज्यादा टीम की जीत को तरजीह देती हैं। उन्होंने कहा, मैंने तीन विकेट लिए, लेकिन फिर भी हम मैच हार गए, इसलिए इसका कोई मायने नहीं है। हमें जीत की जरूरत थी, इसलिए तीन विकेट लेने से कोई फर्क नहीं पड़ता। पाकिस्तानी टीम 2 में से 1 मैच गंवाने के बावजूद ग्रुप-ए की प्वाइंट्स टेबल में दूसरे स्थान पर मौजूद है। अब पाकिस्तानी टीम 7 सितंबर को अपने अंतिम ग्रुप मुकाबले में हांगकांग, चीन का सामना करेगी। ग्रुप-ए से भारत ने पहले ही सेमीफाइनल में जगह बना ली थी। अब पाकिस्तान (-0.569), थाईलैंड (-2.050) और हांगकांग, चीन (-3.575) क्रमशः दूसरे, तीसरे और चौथे पायदान पर हैं। यानी अगला मैच पाकिस्तान के लिए निर्णायक होगा। इस मुकाबले को लेकर पाकिस्तानी कप्तान ने कहा, हम वहां अच्छा क्रिकेट खेलने की कोशिश करेंगे, और आखिरी मैच में हम जीतने और फाइनल (नॉकआउट) में जाने की कोशिश करेंगे। भारत के खिलाफ मिली हार ने पाकिस्तान की सेमीफाइनल की राह को मुश्किल जरूर किया है, लेकिन टीम के पास अब भी अगले मुकाबले में वापसी करने का मौका है। हांगकांग, चीन के खिलाफ होने वाला मैच पाकिस्तान के लिए बेहद महत्वपूर्ण रहेगा। इस मुकाबले में टीम को बल्लेबाजी में बेहतर प्रदर्शन करने के साथ-साथ नेट रन रेट को भी ध्यान में रखना होगा। भारत के खिलाफ पाकिस्तान की पूरी बल्लेबाजी भारतीय गेंदबाजों के सामने दबाव में नजर आई। शुरुआती ओवरों में विकेट गिरने का सिलसिला शुरू होने के बाद टीम संभल नहीं सकी। नियमित अंतराल पर विकेट गिरने के कारण बड़ा स्कोर खड़ा करने की पाकिस्तान की उम्मीदें पूरी तरह खत्म हो गईं। इसके विपरीत भारतीय टीम ने लक्ष्य का पीछा करते हुए शुरुआत में कुछ विकेट गंवाए, लेकिन इसके बावजूद मुकाबले पर पकड़ बनाए रखी। शुरुआती झटकों के बाद भारतीय बल्लेबाजों ने संयम के साथ रन बनाए और छोटे लक्ष्य को आसानी से हासिल कर लिया।

## पाकिस्तान के खिलाफ जीत के बाद गदगद हुईं भारतीय कप्तान, कहा - बेखौफ और आक्रामक खेल दिखाकर खुश हूं




दुबई में खेले जा रहे महिला टी20 एशिया कप 2026 में 5 सितंबर को भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने ग्रुप-ए में अपना आखिरी मुकाबला चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तानी टीम के खिलाफ खेला जिसको वह एकतरफा अंदाज में 7 विकेट से जीतने में कामयाब रहीं। इस मैच में भारतीय महिला टीम ने पहले गेंदबाजी करते पाकिस्तान की पारी को सिर्फ 55 रनों पर समेट दिया जिसमें श्री चरणी और प्रेमा रावत ने 3-3 विकेट हासिल किए। वहीं टारगेट का पीछा टीम इंडिया ने सिर्फ 8.3 ओवर्स में करते हुए मुकाबला अपने नाम किया। टीम इंडिया जो पहले ही शुरुआती 2 मुकाबले जीतकर सेमीफाइनल के लिए अपनी टिकट हासिल कर चुकी थी, उसके लिए यह जीत आत्मविश्वास को और अधिक बढ़ाने वाली रही जिसमें कप्तान हरमनप्रीत कौर का भी मुकाबले के बाद बड़ा बयान सामने आया। पाकिस्तान के खिलाफ भारतीय महिला टीम का मैदान पर अब तक काफी शानदार रिकॉर्ड देखने को मिला है, जिसको वह एशिया कप में भी बरकरार रखे हुए हैं। टीम इंडिया की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने पाकिस्तानी टीम के खिलाफ मिली दुबई के मैदान पर जीत के बाद जहां अपनी खुशी को जाहिर किया तो वहीं उन्होंने यह भी खुलासा किया कि जिस तरह से मुकाबले में खेलने को लेकर प्लानिंग की गई थी सभी ने वैसा ही खेल दिखाया। हरमनप्रीत कौर ने पोस्ट मैच प्रेजेंटेशन में कहा कि हमारे लिए यह मैच बहुत जरूरी था और आज पूरी टीम ने जैसा खेल दिखाया, उससे मैं बहुत खुश हूं। हम हमेशा आक्रामक खेल दिखाने की बात करते हैं और जिस तरह से हमने खेला, उससे मैं वाकई खुश हूं। सभी गेंदबाजों ने शानदार प्रदर्शन किया जिसमें वह अपने प्लान पर टिके रहीं, उसी के हिसाब से बॉलिंग की और पिच को बहुत अच्छे से समझा। मुझे लगता है कि यही सबसे जरूरी है कि पिच को समझना और फिर उसी के हिसाब से अपने प्लान को लागू करना। टीम इंडिया ने ग्रुप स्टेज में बिना कोई मैच गंवाए सेमीफाइनल में पहुंची है, जिसको लेकर कप्तान हरमनप्रीत कौर ने आगे कहा कि यह हमारे लिए काफी जरूरी था क्योंकि इससे हमारे स्टैंडर्ड ऊंचे बने रहते हैं।

## चाइना मास्टर्स के फाइनल में सात्विक-चिराग की धमाकेदार एंट्री, अब खिताबी जंग में चीन से होगा मुकाबला




भारत की अनुभवी बैडमिंटन जोड़ी सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी ने चाइना मास्टर्स के फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली है। शनिवार को खेले गए सेमीफाइनल मैच में उन्होंने मलेशिया की जोड़ी को 21-16, 18-21, 21-11 से शिकस्त दी। यह मुकाबला करीब 1 घंटे और 6 मिनट तक चला। अब खिताबी मुकाबले में उनका सामना चीन की घरेलू जोड़ी से होगा। सात्विक और चिराग पिछले चार सालों में तीसरी बार इस टूर्नामेंट के फाइनल तक पहुंचे हैं, लेकिन वे अब तक एक बार भी यह ट्रॉफी अपने नाम नहीं कर पाए हैं। ऐसे में इस बार फैंस को उनसे पहली बार चैंपियन बनने की पूरी उम्मीद है। इसी साल मई में सात्विक-चिराग ने सिंगापुर ओपन ट्रॉफी अपने नाम की थी। दुनिया की 5वें नंबर की भारतीय जोड़ी सात्विक और चिराग ने शानदार खेल दिखाते हुए फाइनल में जगह बना ली है। दूसरे सेट में थोड़ी सी रुकावट के बाद, उन्होंने मलेशिया की 29वीं रैंक वाली जोड़ी को 1 घंटे 5 मिनट चले मुकाबले में हरा दिया। इससे पहले भी यह जोड़ी 2023 और 2025 में इस टूर्नामेंट की रनर-अप (उपविजेता) रह चुकी है। एशियन गेम्स में गोल्ड मेडल जीत चुकी यह जोड़ी अब खिताबी मुकाबले में चीन की जोड़ी से भिड़ेगी। इस मैच से पहले भी सात्विक और चिराग का इस मलेशियाई जोड़ी के खिलाफ रिकॉर्ड काफी बेहतर (2-0) था, जिसमें उन्होंने 2024 थाईलैंड ओपन और 2025 मलेशिया ओपन में भी इन्हें मात दी थी। आखिरी सेट में सात्विक और चिराग ने लंबे शॉट्स पर अपनी पकड़ बनाए रखी और हाफ-टाइम तक 11-4 से बड़ी बढ़त बना ली। इसके बाद सात्विक ने एक और तगड़ा स्मैश मारकर भारत के स्कोर को 13-6 कर दिया। जैसे-जैसे मैच आगे बढ़ा, मलेशियाई खिलाड़ी थकने लगे और उनका हौसला कमजोर पड़ने लगा। इसके बाद पूरा खेल भारतीय जोड़ी के कब्जे में आ गया।

## दुबई एफटीपी वर्कशॉप में टीम भेजेगा बीसीसीआई

नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों के बीच अधिक अंतराल सुनिश्चित करने की अपनी योजना के तहत फ्यूचर टूर प्रोग्राम (एफटीपी) पर आयोजित एक वर्कशॉप में अपनी ऑपरेशंस टीम भेजेगा। भारतीय बोर्ड ने हाल ही में सुनिश्चित किया है कि उसने अपने एफटीपी स्टाफ को मैच शेड्यूल करने के लिए निर्देश दिए हैं, ताकि खिलाड़ियों को उचित आराम मिल सके, क्योंकि कई खिलाड़ी बहुत ज्यादा व्यस्त शेड्यूल के कारण चोटिल हो गए थे। 'क्रिकबज' की रिपोर्ट के मुताबिक, दुबई में 22 और



23 सितंबर को एफटीपी पर एक वर्कशॉप होनी है और बीसीसीआई 2027-31 के इंटरनेशनल एफटीपी मैचों पर चर्चा करने के लिए अपनी ऑपरेशंस टीम को मीटिंग में भेजेगा। इस बीच, उम्मीद है कि दूसरे सभी बोर्ड की ऑपरेशंस टीमें भी मीटिंग में शामिल होंगी और टॉप-8 एसोसिएट सदस्यों के प्रतिनिधियों को भी बुलाया जाएगा। हार्दिक पंड्या, जसप्रीत बुमराह, नीतीश कुमार रेड्डी, वॉशिंगटन सुंदर और बी. साई सुदर्शन जैसे खिलाड़ी अलग-अलग चोटों के कारण शुरुआती कंडीशनल सेलेक्शन के बावजूद हाल के दौरों में शामिल नहीं हो पाए।

## भारत-पनामा के बीच फ्रेंडली मैच में बदलाव, जानिए अब किस दिन खेला जाएगा मुकाबला?

नई दिल्ली। भारत और पनामा के बीच पुरुषों के इंटरनेशनल फ्रेंडली मैच की तारीख में बदलाव हुआ है। यह मुकाबला पहले 26 सितंबर को होना था, लेकिन अब इसे 25 सितंबर को खेला जाएगा। ऑल इंडिया फुटबॉल फेडरेशन (एआईएफएफ) ने रविवार को इसकी घोषणा की। एक मजबूत टीम के खिलाफ यह बहुप्रतीक्षित मैच बेंगलुरु के श्री कांतिरावा स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा, जो फीफा मेंस इंटरनेशनल मैच विंडो का हिस्सा है। 'ब्लू टाइगर्स' का सामना 44वीं रैंक वाली उस पनामा टीम से होगा, जिसने फीफा वर्ल्ड कप 2026 में हिस्सा लिया था। फुटबॉल इतिहास में भारत और पनामा की टीमें पहली बार आमने-सामने होंगी। यह भारत के इतिहास में किसी कॉनकैफ (उत्तर, मध्य अमेरिका और कैरेबियाई फुटबॉल परिसंघ) टीम के खिलाफ 9वां मैच होगा। 'लॉस कैनालेरोस' (पनामा टीम) ने फीफा वर्ल्ड कप 2026 में हिस्सा लिया था। इस वजह से सितंबर का यह मैच उन चार मुकाबलों में पहला होगा जो भारत फीफा वर्ल्ड कप 2026 में हिस्सा लेने वाली टीमों के खिलाफ खेलेगा और फिर 3 अक्टूबर को ब्राजील के साथ मैच होगा। इससे पहले, भारत और न्यूजीलैंड पहले भी दो बार आमने-सामने आ चुके हैं।

## केएसएलटीए वर्ल्ड टेनिस जूनियर जे30 - श्रीनीति ने पूरा किया 'गोल्डन डबल', फजल ने नियांथ को हराकर जीता खिताब

बेंगलुरु। बेंगलुरु की रहने वाली श्रीनीति चौधरी ने शनिवार को एसएम कृष्णा टेनिस स्टेडियम में केएसएलटीए वर्ल्ड टेनिस जूनियर जे30 में लड़कियों के सिंगल्स और डबल्स दोनों खिताब जीतकर एक शानदार हफ्ते का समापन किया और 'गोल्डन डबल' पूरा किया। 15 साल की चौथी वरीयता प्राप्त खिलाड़ी ने पहले सिंगल्स फाइनल में अपनी ही शहर की आहिदा सिंह को 6-4, 6-2 से हराया और फिर रिद्धि शिंदे के साथ मिलकर जोहा कुरैशी और दीप्ति वेंकटेशन के खिलाफ लड़कियों का डबल्स फाइनल रोमांचक अंदाज में 4-6, 6-2, 13-11 से जीता। लड़कों के सिंगल्स फाइनल में छठी वरीयता प्राप्त फजल अली मीर ने अमेरिका के तीसरी वरीयता प्राप्त नियांथ बद्रीनारायण को 6-4, 4-6, 2-0 (रिटायर्ड) से हराया। चुक्का लक्ष्य वर्धन और पार्थिव नल्लागुंडला की जोड़ी ने एक और कड़े मुकाबले वाले फाइनल में निलिनभरत केएस और अभिवद्य मिश्रा को 6-7 (3), 7-6 (3), 10-4 से हराकर डबल्स का खिताब जीता। डीपीएस ईस्ट स्कूल की 10वीं कक्षा में पढ़ने



वाली श्रीनीति चौधरी के लिए पिछले दो हफ्ते बेहद शानदार रहे हैं। एचएलटीए में ट्रेनिंग लेने वाली इस युवा खिलाड़ी ने पहले हैदराबाद में आईटीएफ जे60 टूर्नामेंट का खिताब जीता। इसके बाद वह बेंगलुरु पहुंचीं और यहां आयोजित केएसएलटीए वर्ल्ड टेनिस जूनियर जे30 में भी शानदार प्रदर्शन जारी रखा। श्रीनीति ने सिंगल्स और डबल्स दोनों खिताब जीतकर 'गोल्डन डबल' पूरा किया। 15 साल की श्रीनीति का पांचवीं वरीयता प्राप्त आहिदा के खिलाफ सिंगल्स फाइनल कड़ा मुकाबला था। खासकर शुरुआती सेट में जब वह 0-3 से पीछे चल रही थीं और पहले व तीसरे गेम में अपनी सर्विस हार गई थीं। श्रीनीति ने अपने तेज रिटर्न और नेट पर लगातार हमले के साथ वापसी की। उन्होंने स्कोर 4-4 से बराबर किया और अगले दो गेम जीतकर पहला सेट 6-4 से अपने नाम किया। उन्होंने दूसरे सेट में भी अपनी लय बनाए रखी, शुरुआत में ही आहिदा की सर्विस तोड़ी और मैच पर पकड़ बना ली।

# हाई ब्लड प्रेशर वाले मरीजों के लिए अमृत समान है ये फल, डॉक्टर ने बताए फायदे



खराब लाइफस्टाइल में हाई ब्लड प्रेशर एक बेहद गंभीर और आम समस्या बन चुका है। इसे 'साइलेंट किलर' कहा जाता है क्योंकि इसके लक्षण अक्सर देर से सामने आते हैं। आजकल कम उम्र के लोग भी इस समस्या से जुझ रहे हैं। यंगस्टर्स के बीच हाई ब्लड प्रेशर की समस्या बढ़ती जा रही है। ऐसे में जाने-माने हेल्थ एक्सपर्ट डॉक्टर सलीम जैदी ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो शेयर कर बताया है कि हाई ब्लड प्रेशर में कौन सा फल बेहद फायदेमंद माना जाता है। उन्होंने जिस फल के बारे में बताया है वो है केला। केला हाई बीपी के मरीजों के लिए बीपी कंट्रोल करने का नेचुरल तरीका है। ऐसे में चलिए जानते हैं केला कैसे हाई ब्लड प्रेशर को कंट्रोल करता है। केले में मौजूद पोषक तत्व ब्लड प्रेशर को कंट्रोल करने में सीधे तौर पर मदद करते हैं। केले में भरपूर मात्रा में पोटेशियम पाया जाता है। शरीर में अत्यधिक सोडियम हाई ब्लड प्रेशर की मुख्य वजह बनता है। पोटेशियम शरीर में सोडियम के हानिकारक प्रभाव को बेअसर करता है और पेशाब के जरिए एक्स्ट्रा सोडियम को बाहर निकालने में मदद करता है। इसके अलावा पोटेशियम ब्लड वेसल्स की दीवारों में तनाव को कम करता है। इससे ब्लड का फ्लो सही रहता है और दिल पर ज्यादा प्रेशर नहीं पड़ता। वहीं केले में मैग्नीशियम और फाइबर भी अच्छी मात्रा में होते हैं। मैग्नीशियम नसों को शांत रखने और ब्लड प्रेशर को कंट्रोल बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। डॉक्टर सलीम जैदी का मानना है कि किसी भी फल का पूरा फायदा उठाने के लिए उसे सही समय और सही तरीके से खाना बेहद जरूरी है। केला खाने का सबसे सही समय नाश्ते के लगभग 1 से 2 घंटे बाद होता है। इस समय इसका सेवन करने से शरीर को भरपूर पोषण मिलता है और दिनभर एनर्जी बनी रहती है। खाली पेट खाने से बचें: सुबह एकदम खाली पेट केला खाने से बचें। खाली पेट केला खाने से मैग्नीशियम और पोटेशियम का स्तर रक्त में अचानक बढ़ सकता है, जिससे पेट की समस्या या शुगर का स्तर तेजी से ऊपर-नीचे हो सकता है। केले को डाइट में शामिल करते समय मात्रा का ध्यान रखना भी जरूरी है। एक सामान्य स्वस्थ व्यक्ति के लिए संतुलित आहार के हिस्से के रूप में केला लिया जा सकता है, लेकिन केवल केला खाने से हाई ब्लड प्रेशर नियंत्रित नहीं होता।

# मेटाबॉलिक हेल्थ को कैसे बेहतर बनाया जाए

शरीर को लंबे समय तक स्वस्थ रखना है तो मेटाबॉलिक हेल्थ को बेहतर बनाना जरूरी है। कई बार आप बाहर से खुद को फिट महसूस करते हैं लेकिन अंदर आपकी मेटाबॉलिक हेल्थ खराब हो रही होती है। इससे आपके हार्मोन्स पर बुरा असर पड़ सकता है। योग, न्यूट्रिशियन और फिटनेस कोच नटराज ने चयापचन यानि मेटाबॉलिज्म को तेज करने के आसान टिप्स बताए हैं। जिसमें मसल्स, एक्टिविटी, पोषण, नींद और तनाव पर फोकस किया गया है। इससे आपकी मेटाबॉलिक हेल्थ में सुधार आएगा और शरीर अंदर-बाहर से स्वस्थ रहेगा। मेटाबॉलिक हेल्थ को आसान भाषा में समझें तो शरीर के अंदर की जरूरी प्रक्रियाएं हैं जो ब्लड शुगर, ब्लड प्रेशर, कोलेस्ट्रॉल और वजन को संतुलित रखती हैं। यानि शरीर के अंदर का सिस्टम कितना संतुलित और स्वस्थ है, यही मेटाबॉलिक हेल्थ है।

मांसपेशियों को मजबूत बनाएं- सप्ताह में आपको 3-4 बार स्ट्रेंथ ट्रेनिंग जरूर करनी चाहिए। इससे आप मेटाबॉलिक हेल्थ को मजबूत बना सकते हैं। मेटाबॉलिक हेल्थ में सुधार उम्र बढ़ने के खिलाफ आपका सबसे बड़ा हथियार है। इससे आप खुद को कहीं ज्यादा मजबूत और ताकतवर महसूस करते हैं।

प्रोटीन खाएं- आपको खाने में प्रोटीन जरूर शामिल करना चाहिए। हर मील में कुछ हिस्सा प्रोटीन का जरूर होना चाहिए। आपके खाने में प्रति मील 25-30 ग्राम प्रोटीन होना चाहिए। इससे मांसपेशियों को मजबूत बनाए रखने में मदद मिलती है।

नियमित रूप से टहलें- मेटाबॉलिक हेल्थ में सुधार के लिए रोजाना और हर खाने के बाद कुछ देर जरूर टहलें। रोजाना अपने स्टेप काउंट का ध्यान रखें और दिन में 8,000-10,000 कदम चलें।

# टाटा संस का अगला चेयरमैन कौन होगा? रेस में NSE के MD और CEO आशीष चौहान भी शामिल



टाटा ग्रुप की होल्डिंग कंपनी टाटा संस ने चेयरमैन एन. चंद्रशेखरन के उत्तराधिकारी की तलाश तेज कर दी है। टाटा संस के चेयरमैन पद की रेस में देश के तीन प्रमुख कॉरपोरेट दिग्गजों- टाटा स्टील के सीईओ और मैनेजिंग डायरेक्टर (एमडी) टी. वी. नरेंद्रन, टाटा संस के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर और ग्रुप सीएफओ सौरभ अग्रवाल और एनएसई के एमडी और सीईओ आशीष चौहान के नाम उभरकर सामने आए हैं। सूत्रों के अनुसार, आंतरिक उम्मीदवारों में टी. वी. नरेंद्रन सबसे आगे चल रहे हैं, वहीं सौरभ अग्रवाल भी अपने निवेश बैंकिंग और पूंजी आवंटन अनुभव के साथ दौड़ में बने हुए हैं। दूसरी ओर, भारत के कैपिटल मार्केट के दिग्गज और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (NSE) के संस्थापक अधिकारियों में से एक आशीष चौहान इस दौड़ में अप्रत्याशित दावेदार साबित हो सकते हैं। चयन प्रक्रिया अभी जारी है और कोई अंतिम फैसला नहीं लिया गया है। अगला चेयरमैन चुनने में टाटा संस के बोर्ड और होल्डिंग कंपनी को कंट्रोल करने वाले ट्रस्टों की अहम भूमिका रहने की उम्मीद है। सूत्रों ने कहा कि टाटा ट्रस्ट्स के चेयरमैन नोएल टाटा ने छांटे गए उम्मीदवारों के नाम टॉप सरकारी नेतृत्व को बता दिए हैं और नामों पर गहन विचार-विमर्श के बाद फैसला होने की संभावना है। टाटा ट्रस्ट्स और टाटा संस ने इस बारे में टिप्पणी के लिए भेजे गए ईमेल का तुरंत कोई जवाब नहीं दिया। एन. चंद्रशेखरन, जिन्होंने 2017 में टाटा संस के चेयरमैन का पद संभाला था और वर्तमान में अपना दूसरा 5 साल का कार्यकाल पूरा कर रहे हैं, उन्होंने पिछले महीने घोषणा की थी कि 20 फरवरी 2027 को कार्यकाल समाप्त होने पर वे दोबारा नियुक्ति की मांग नहीं करेंगे। हालांकि, उत्तराधिकारी खोजने की औपचारिक प्रक्रिया शुरू हो चुकी है, लेकिन आधिकारिक तौर पर किसी छांटे गए नाम की पुष्टि नहीं की गई है। सामने आए अन्य नामों में खुद नोएल टाटा भी शामिल हैं, जो समिति द्वारा समय पर प्रक्रिया पूरी न कर पाने की स्थिति में अंतरिम चेयरमैन के रूप में काम कर सकते हैं। इनके अलावा टाटा संस की ग्रुप मुख्य डिजिटल अधिकारी आरती सुब्रमण्यन, टाटा मोटर्स के सीईओ शैलेश चंद्र और टाटा पावर के सीईओ प्रवीर सिन्हा के नाम भी चर्चा में आए हैं।

# TCS HyperVault स्थापित करेगी बड़ा AI डेटा सेंटर, 264 एकड़ जमीन पर बनेगा कैम्पस




टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (TCS) की सब्सिडरी कंपनी HyperVault ने हैदराबाद में बड़े स्तर पर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) डेटा सेंटर कैम्पस स्थापित करने के लिए 264 एकड़ जमीन हासिल की है। कंपनी ने शनिवार को ये जानकारी दी। हाइपरवॉल्ट ने बताया कि इस प्रोजेक्ट में कुल 70,000 करोड़ रुपये तक का निवेश किया जाएगा। हाइपरवॉल्ट ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि इस उद्देश्य के लिए तैयार किए जा रहे कैम्पस की क्षमता 1 गीगावाट (GW) तक होगी।

टाटा ग्रुप की एआई कंपनी ने कहा, ''हाइपरवॉल्ट ने हैदराबाद में 1 गीगावाट तक क्षमता वाला बड़े लेवल का एआई डेटा सेंटर कैम्पस डेवलप करने के लिए 264 एकड़ जमीन हासिल की है।'' कंपनी के अनुसार, इस प्रोजेक्ट से एसआई सेक्टर में प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से कई हजार रोजगार पैदा होंगे। हाइपरवॉल्ट और उसके पार्टनर इस इंफ्रा के कंस्ट्रक्शन और मैनेजमेंट में 70,000 करोड़ रुपये तक निवेश करेंगे। प्रोजेक्ट को ग्राहकों की मांग और टेक्नोलॉजी संबंधी जरूरतों को ध्यान में रखते हुए चरणबद्ध तरीके से विकसित किया जाएगा। तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी ने इस प्रोजेक्ट को राज्य और देश के लिए ऐतिहासिक करार दिया है।

उन्होंने कहा, ''ये दर्शाता है कि हैदराबाद अब इंफ्रा पर मजबूत ध्यान के साथ वैश्विक एआई क्रांति में सबसे आगे है। ये दशक एआई का है। एआई मॉडल और कंप्यूटिंग तक पहुंच तेजी से पब्लिक इंफ्रा का हिस्सा बन रही है और इस कंप्यूटिंग क्षमता का तेलंगाना में होना हमें बढ़त देता है।'' हाइपरवॉल्ट ने कहा कि कैम्पस के कंस्ट्रक्शन में ग्रीन एनर्जी और वॉटर न्यूट्रल डिजाइन के सिद्धांतों का इस्तेमाल किया जाएगा। टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) के चीफ एग्जीक्यूटिव ऑफिसर (सीईओ) मैनेजिंग डायरेक्टर (एमडी) के. कृतिवासन ने कहा कि ये पहल कंपनी की ''इन्फ्रास्ट्रक्चर-टू-इंटेलिजेंस'' रणनीति को आगे बढ़ाती है। इसके तहत एआई के लिए तैयार बुनियादी ढांचे को कंपनी की क्लाउड, एआई और उद्यम संबंधी क्षमताओं के साथ जोड़ा जाएगा।

# Bank of Baroda में 444 दिनों की FD पर कितना मिलेगा ब्याज, अधिकतम कितने रुपये कर सकते हैं जमा

बैंक ऑफ बड़ौदा (BoB) अपने ग्राहकों को फिक्स्ड डिपोजिट खातों पर बंपर ब्याज दे रहा है। बैंक ऑफ बड़ौदा 3 करोड़ रुपये से कम अमाउंट वाले एफडी खातों पर 3.50 प्रतिशत से लेकर 7.35 प्रतिशत तक का ब्याज दे रहा है। बैंक ऑफ बड़ौदा में कम से कम 7 दिनों की अवधि के लिए एफडी खाता खुलवाया जा सकता है। इसके अलावा, आप इस सरकारी बैंक में अधिकतम 10 साल की अवधि के लिए भी एफडी अकाउंट खुलवा सकते हैं। यहां हम जानेंगे कि बैंक ऑफ बड़ौदा में 444 दिनों की अवधि वाले एफडी खातों पर कितना ब्याज मिल रहा है? इसके साथ ही, हम ये भी जानेंगे कि बैंक ऑफ बड़ौदा की एफडी स्कीम में अधिकतम कितने रुपये जमा किए जा सकते हैं? बैंक ऑफ बड़ौदा 444 दिनों की एफडी स्कीम पर 6.45 प्रतिशत से लेकर 7.05 प्रतिशत तक का बंपर ब्याज दे रहा है। बैंक ऑफ बड़ौदा 444 दिनों के एफडी खातों पर 59 साल तक के सभी ग्राहकों को 6.45 प्रतिशत का ब्याज दे रहा है। इसके अलावा, ये सरकारी बैंक 60 साल या इससे ज्यादा उम्र के सीनियर सिटीजन्स को 444 दिनों की एफडी स्कीम पर 6.95 प्रतिशत का ब्याज ऑफर कर रहा है। इसके अलावा, ये सरकारी बैंक 444 दिनों की एफडी स्कीम पर 80 साल या इससे ज्यादा उम्र के सुपर सीनियर सिटीजन्स को सबसे ज्यादा 7.05 प्रतिशत का जोरदार रिटर्न दे रहा है। बताते चलें कि इस स्कीम में ग्राहक अधिकतम 3 करोड़ रुपये ही निवेश कर सकते हैं।

# 1 शेयर पर 50 रुपये का डिविडेंड देगा फोर्स मोटर्स, रिकॉर्ड डेट काफी करीब

देश की दिग्गज ऑटोमोबाइल कंपनी फोर्स मोटर्स अपने शेयरहोल्डरों को प्रत्येक शेयर पर 50 रुपये का डिविडेंड देने जा रही है। इस डिविडेंड का फायदा उठाने के लिए निवेशकों के पास अब सिर्फ कुछ दिनों का ही समय बचा है। बताते चलें कि फोर्स मोटर्स अपने शेयरहोल्डरों को वित्त वर्ष 2025-26 के लिए ये डिविडेंड देने जा रही है, जिसकी घोषणा अप्रैल 2026 में बीते वित्त वर्ष के वित्तीय नतीजे घोषित करने के साथ ही की गई थी। फोर्स मोटर्स द्वारा 10 रुपये की फेस वैल्यू वाले प्रत्येक शेयर पर 50 रुपये (500 प्रतिशत) का डिविडेंड दिया जा रहा है। इससे पहले, कंपनी ने वित्त वर्ष 2024-25 में शेयरहोल्डरों को प्रत्येक शेयर पर 40 रुपये का डिविडेंड दिया था। कंपनी ने इस 50 रुपये के डिविडेंड के लिए रिकॉर्ड डेट की घोषणा पहले ही कर दी थी। बुधवार, 9 सितंबर को फोर्स मोटर्स के शेयर एक्स-डिविडेंड ट्रेड करेंगे। जिस दिन किसी कंपनी के शेयर एक्स-डिविडेंड ट्रेड करते हैं, उस दिन खरीदे गए नए शेयरों पर डिविडेंड का लाभ नहीं मिलता है। अगर किसी निवेशक को डिविडेंड का लाभ चाहिए तो उसे रिकॉर्ड डेट से एक दिन पहले ही शेयर खरीदने होते हैं। यानी आपके पास फोर्स मोटर्स इंडिया द्वारा दिए जाने वाले 50 रुपये के डिविडेंड का फायदा उठाने के लिए मंगलवार, 8 सितंबर तक का ही समय है।

# 1 दिसंबर तक चलेंगी पूर्णिया, सहरसा, गया और धनबाद की स्पेशल ट्रेनें, दिल्ली से बिहार-झारखंड आना-जाना होगा आसान

भारतीय रेल ने बिहार और झारखंड के यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए 4 स्पेशल ट्रेन की सेवाओं को 1 दिसंबर तक बढ़ाने की घोषणा की है। रेलवे के इस कदम से बिहार और झारखंड के लोगों को दिल्ली आने-जाने में आसानी होगी और उनकी यात्रा सुविधाजनक बनेगी। भारतीय रेल के उत्तर रेलवे जोन ने बताया कि दिल्ली के आनंद विहार और शकूरबस्ती रेलवे स्टेशन से पूर्णिया, सहरसा, गया और धनबाद के लिए चलाई जाने वाली स्पेशल ट्रेनें अब 1 दिसंबर तक सेवाएं देंगी। खास बात ये है कि रेलवे के इस फैसले से दीपावली और छठ पूजा के लिए घर जाने और वापस दिल्ली आने में भी खास दिक्कतें नहीं होंगी। रेलवे के इस फैसले से लाखों यात्रियों को कन्फर्म टिकट मिलेगी, जिससे उनकी यात्रा सुविधाजनक और आरामदायक बनेगी। इन सभी स्पेशल ट्रेनों के बारे में ज्यादा जानकारी के लिए आप रेलवे के हेल्पलाइन नंबर 139 पर कॉल कर सकते हैं।

ट्रेन नंबर- 05579, पूर्णिया कोर्ट-आनंद विहार स्पेशल ट्रेन
किस दिन चलती है: प्रत्येक शुक्रवार और रविवार
विस्तारित अवधि: 4 सितंबर से 29 नवंबर तक
एक्स्ट्रा ट्रिप: 26

ट्रेन नंबर- 05580, आनंद विहार-पूर्णिया कोर्ट स्पेशल ट्रेन
किस दिन चलती है: प्रत्येक रविवार और मंगलवार
विस्तारित अवधि: 6 सितंबर से 1 दिसंबर तक
एक्स्ट्रा ट्रिप: 26

# सोने के कीमतों में तेजी, ₹1.61 लाख के करीब पहुंचा भाव, चेक करें चांदी का दाम

दिल्ली के सर्राफा बाजार में शुक्रवार को सोने की कीमत में लगातार दूसरे दिन तेजी रही और ये 1400 रुपये बढ़कर लगभग 1.61 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। स्थानीय कारोबारियों के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत गुरुवार के बंद भाव 1,59,500 रुपये प्रति 10 ग्राम से 1400 रुपये बढ़कर 1,60,900 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) हो गई। हालांकि, चांदी की कीमत 2,40,500 रुपये प्रति किलोग्राम पर स्थिर रही। बताते चलें कि शनिवार और रविवार को सर्राफा बाजार बंद रहते हैं। सर्राफा बाजार के कारोबारियों ने कहा कि सोने की कीमत में ये तेजी घरेलू सर्राफा बाजार में खरीदारी की मजबूत दिलचस्पी के कारण हुई, जबकि निवेशक महत्वपूर्ण वैश्विक आर्थिक आंकड़ों से पहले सतर्क रुख अपना रहे थे। इन आंकड़ों का असर ब्याज दरों की दिशा और कीमती धातुओं के भविष्य पर पड़ सकता है। मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज के सिद्धार्थ खेमका ने कहा कि घरेलू चांदी की कीमत जनवरी के 4 लाख रुपये प्रति किलोग्राम से ज्यादा के उच्चतम स्तर से 40 प्रतिशत से ज्यादा टूटकर लगभग 2,30,000 रुपये से 2,40,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर आ गई है।

# शरीर को लचीला और मन को शांत बनाता है हलासन



व्यस्त दिनचर्या और तनाव के कारण रीढ़ की हड्डी और पाचन संबंधित समस्याएं आम हो गई हैं। ऐसे में योगासन और सही खान-पान शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए एक बेहतर उपाय हो सकता है। योग के विभिन्न आसनों में 'हलासन' कई समस्याओं का एक अचूक और प्राकृतिक समाधान है। 'हलासन', हल शब्द से लिया गया है। हल यानी खेती के लिए इस्तेमाल किया जाने वाला औजार, जैसे की हर खेत को बीज बोने के लिए तैयार करता है, ठीक उसी तरह हलासन शरीर और दिमाग को गहरी कायाकल्प के लिए तैयार करता है। आयुष मंत्रालय ने हलासन को उन्नत योगासन बताया है। उनके अनुसार, हलासन के नियमित अभ्यास से शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य में व्यापक सुधार देखने को मिलता है। यह आसन गर्दन, कंधे, पीठ और पेट की मांसपेशियों को मजबूत बनाने में मदद करता है। इसी के साथ ही, यह रीढ़ की हड्डी को लचीला बनाने, थायरॉयड ग्रंथि को उत्तेजित करने, पाचन में सुधार करने और तनाव व थकान को कम करने में अत्यधिक फायदेमंद होता है। इसे नियमित रूप से करने पर त्वचा में चमक देखने को मिल सकता है। हलासन में शरीर का निचला हिस्सा ऊपर की ओर जाता है और पैरों को सिर के पीछे जमीन पर टिकाने की कोशिश की जाती है।

# भारतीय दवा कंपनी को अमेरिका में 'मोडाफिनिल' बेचने की मिली मंजूरी

भारत की प्रमुख फार्मा कंपनी ल्यूपिन लिमिटेड को अमेरिका में 'मोडाफिनिल' दवा बेचने की मंजूरी मिल गई है। ल्यूपिन ने शुक्रवार को इसकी जानकारी दी। फार्मा कंपनी ने बताया कि उसे अमेरिकी स्वास्थ्य नियामक से 'मोडाफिनिल' टैबलेट बेचने की मंजूरी मिल गई है, जिसका इस्तेमाल बहुत ज्यादा नींद आने की समस्या के इलाज में किया जाता है। ल्यूपिन लिमिटेड ने शेयर बाजारों बीएसई और एनएसई को दी सूचना में कहा कि कंपनी को 100 मिलीग्राम और 200 मिलीग्राम क्षमता वाली 'मोडाफिनिल टैबलेट यूएसपी' के लिए अमेरिकी खाद्य एवं औषधि प्रशासन (US FDA) से मंजूरी मिली है। कंपनी ने बताया कि मोडाफिनिल, रेफरेंस लिस्टेड ड्रग (RLD)- Nuvo Pharmaceuticals (Ireland) DAC की Provigil टैबलेट्स के बायोइक्विवेलेंट (समान असर वाली) है। कंपनी ने कहा कि मोडाफिनिल दवा अत्यधिक नींद आने वाले वयस्क मरीजों में जागने की क्षमता बेहतर करने के लिए इस्तेमाल की जाती है। ये दवा नार्कोलेप्सी, ऑब्सट्रक्टिव स्लीप एपनिया (OSA) या शिफ्ट वर्क डिसऑर्डर (SWD) से जुड़ी समस्याओं के इलाज में काम आती है। IQVIA MAT जुलाई 2026 के डेटा से पता चलता है कि अमेरिका में मोडाफिनिल टैबलेट्स की अनुमानित सालाना बिक्री 70.7 मिलियन अमेरिकी डॉलर थी। बताते चलें कि ल्यूपिन लिमिटेड के वर्तमान में 15 मैन्यूफैक्चरिंग यूनिट्स हैं और कंपनी दुनिया भर के 100 से ज्यादा बाजारों में मौजूद है। शुक्रवार को बीएसई पर ल्यूपिन लिमिटेड के शेयर 1.12 प्रतिशत (24.00 रुपये) की गिरावट के साथ 2111.00 रुपये के भाव पर बंद हुए थे। कल कारोबार के दौरान, कंपनी के शेयर 2149.75 रुपये के इंट्राडे हाई से लेकर 2104.40 इंट्राडे लो तक पहुंचे थे। बीएसई पर ल्यूपिन लिमिटेड के शेयरों का 52 वीक हाई 2530.00 रुपये है, जबकि इसका 52 वीक लो 1900.30 रुपये है। बीएसई के मुताबिक, ल्यूपिन लिमिटेड का मौजूदा मार्केट कैप 96,528.82 करोड़ रुपये है। अमेरिकी बाजार में मोडाफिनिल की मंजूरी ल्यूपिन के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि मानी जा रही है। कंपनी की ओर से दी गई जानकारी के मुताबिक, इस मंजूरी से अमेरिकी बाजार में उसके उत्पाद पोर्टफोलियो का विस्तार होगा। अमेरिका फार्मा कंपनियों के लिए बड़े और प्रतिस्पर्धी बाजारों में शामिल है, इसलिए किसी दवा को नियामकीय स्वीकृति मिलना कंपनी के कारोबार के लिहाज से अहम माना जाता है। मोडाफिनिल का इस्तेमाल डॉक्टर की सलाह के अनुसार उन वयस्क मरीजों में किया जाता है, जिन्हें कुछ विशेष स्थितियों के कारण दिन में अत्यधिक नींद आती है।



# ओडिशा में महिला इंजीनियर के ठिकानों पर विजिलेंस की छापेमारी, 7 लाख से ज्यादा कैश बरामद

ओडिशा विजिलेंस ने केंद्रापड़ा ड्रेनेज डिवीजन की असिस्टेंट एग्जीक्यूटिव इंजीनियर अनुपमा साहू के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। विजिलेंस टीम ने उन्हें कथित तौर पर ठेकेदारों से लंबित बिल पास कराने के लिए रिश्वत की रकम इकट्ठा करने के संबंध में मिले इनपुट के आधार पर रोका। जानकारी के मुताबिक, 5 सितंबर 2026 को विजिलेंस को विश्वसनीय सूत्रों से सूचना मिली थी कि केंद्रापड़ा ड्रेनेज डिवीजन कार्यालय में ठेकेदारों के लंबित बिलों को क्लियर कराने के लिए रिश्वत की रकम इकट्ठा की जा रही है। इसी सूचना के आधार पर ओडिशा विजिलेंस की एक टीम ने मार्शाघाई क्रॉसिंग के पास NH-53A पर अनुपमा साहू को रोका। बताया जा रहा है कि वह अपने कार्यालय से केंद्रापड़ा के नयनविहार स्थित आवास की ओर जा रही थीं। वह कार्यालय के वाहन OD-29-S-6644 में सवार थीं। विजिलेंस टीम ने उनके पास से 3 लाख 15 हजार रुपये नकद बरामद किए। विजिलेंस के अनुसार, इस रकम को संदिग्ध रूप से अवैध तरीके से अर्जित नकदी माना जा रहा है। अधिकारी इतनी बड़ी मात्रा में नकदी अपने पास रखने के स्रोत के बारे में संतोषजनक जवाब नहीं दे सकीं। इसके बाद नकदी के साथ वाहन को भी जब्त कर लिया गया। नकदी बरामद होने के बाद विजिलेंस ने मामले में आय से अधिक संपत्ति के एंगल से जांच शुरू कर दी। इसके तहत अनुपमा साहू से जुड़े कार्यालय और आवासीय ठिकानों पर तलाशी अभियान चलाया गया। तलाशी के दौरान केंद्रापड़ा स्थित उनके आवास से 4 लाख रुपये और नकद बरामद किए गए। इस तरह अब तक की कार्रवाई में उनके पास से कुल 7 लाख 15 हजार रुपये नकद बरामद हो चुके हैं। विजिलेंस अब यह पता लगाने में जुटी है कि इतनी बड़ी मात्रा में नकदी उनके पास कहां से आई। अधिकारी से नकदी के स्रोत को लेकर पूछताछ की जा रही है। विजिलेंस द्वारा मामले में तलाशी और जांच अभी जारी है। अनुपमा साहू से आगे भी पूछताछ की जा रही है, ताकि बरामद नकदी



के स्रोत और पूरे मामले से जुड़ी अन्य जानकारियों का पता लगाया जा सके। फिलहाल, इस कार्रवाई में कुल 7.15 लाख रुपये नकद बरामद होने की जानकारी सामने आई है और विजिलेंस की जांच जारी है। इससे पहले अभी हाल में ही पुरी में गांजा बरामद करने पहुंची पुलिस को एक घर में नोटों का पहाड़ मिला था। विजिलेंस की कार्रवाई के बाद अब जांच का दायरा बढ़ाए जाने की संभावना है।

टीम यह पता लगाने में जुटी है कि बरामद नकदी का किसी ठेकेदार या लंबित बिलों से कोई संबंध है या नहीं। इसके लिए संबंधित विभाग में लंबित बिलों, भुगतान प्रक्रिया और उन लोगों की जानकारी जुटाई जा सकती है, जिनके काम या भुगतान इस अवधि में लंबित थे। जांच एजेंसी कार्यालय में हुए लेन-देन और संबंधित दस्तावेजों की भी पड़ताल कर रही है। अधिकारियों की ओर से यह देखा जा रहा है कि किन ठेकेदारों के बिल स्वीकृति या भुगतान के स्तर पर लंबित थे और क्या उनके संबंध में किसी तरह की अनुचित मांग या लेन-देन की जानकारी सामने आती है। बैंक खातों, संपत्ति से जुड़े दस्तावेजों और अन्य वित्तीय लेन-देन की जानकारी जुटाकर बरामद रकम के स्रोत का पता लगाने का प्रयास किया जाएगा।

## आज फिर आंधी-बारिश से मचेगा हाहाकार! IMD ने किया सावधान

मौसम विभाग ने आज यानी 6 सितंबर को कई राज्यों में भारी बारिश और तेज हवाओं का अलर्ट जारी किया है। दिल्ली, उत्तर प्रदेश, बिहार, राजस्थान, हरियाणा, उत्तराखंड, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर, पश्चिम बंगाल, ओडिशा, झारखंड, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में मौसम खराब रहने की संभावना है। कई इलाकों में 60 से 65 किलोमीटर प्रति घंटे तक की रफ्तार से तेज हवाएं चल सकती हैं। पहाड़ी क्षेत्रों में भूस्खलन और उत्तर व पूर्वी राज्यों में नदियों का जलस्तर बढ़ने का खतरा भी बना हुआ है। मौसम विभाग के मुताबिक, उत्तर-पश्चिम मध्य प्रदेश और उससे सटे दक्षिण-पश्चिम उत्तर प्रदेश के ऊपर बने निम्न दबाव क्षेत्र के प्रभाव से पूर्वी राजस्थान और पश्चिमी मध्य प्रदेश में कुछ स्थानों पर भारी से बहुत भारी बारिश हो सकती है। पश्चिमी हिमालयी क्षेत्र में भी भारी से बहुत भारी बारिश की संभावना जताई गई है। तेज आंधी और बारिश से फसलों को नुकसान पहुंचने की आशंका है, जबकि कुछ इलाकों में ओलावृष्टि भी हो सकती है। दिल्ली में देर शाम तक तेज आंधी और बारिश की संभावना है। यहां हवाओं की रफ्तार 30 से 40 किमी प्रति घंटे तक रह सकती है।

## 'लाल किले से दे दी होम्योपैथिक गोली', पीएम मोदी ने किसे बता दिया नाराज फूफा?

दिल्ली के श्री राम कॉलेज ऑफ़ कॉमर्स (SRCC) के शताब्दी समारोह में शिरकत करने पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, "...आज का मौका श्री राम कॉलेज ऑफ़ कॉमर्स के लिए बहुत ऐतिहासिक है। यह देश के शिक्षा क्षेत्र के लिए भी उतना ही महत्वपूर्ण है। SRCC का हिस्सा रही कई पीढ़ियां यहां एक साथ आई हैं। मैं आप सभी को SRCC के शताब्दी समारोह पर बधाई देता हूं।" इसके बाद पीएम ने विपक्ष पर करारा हमला बोला। विपक्षी पार्टियों को पीएम मोदी ने नाराज फूफा बता दिया और कहा, ये लोग हर अच्छे काम में अड़ंगा लगाते हैं। पूछते रहते हैं-इसकी क्या जरूरत थी, उसकी क्या जरूरत थी, वैसे ही जैसे शादी में नाराज फूफा सवाल करते रहते हैं। मैं गिलास को आधा नहीं, पूरा भरा हुआ देखता हूं- आधा पानी से, आधा हवा से। प्रधानमंत्री मोदी ने याद किया अपना पुराना उदाहरण, जब देश को निराशा से निकालकर आशा और सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने का संदेश दिया था। 2013 में ग्रोथ फर्श पर थी और महंगाई अर्श पर।' प्रधानमंत्री ने 2013 के दौर की सुर्खियों को याद करते हुए युवाओं से उस समय की परिस्थितियों को समझने की अपील की।

उन्होंने कहा कि उस दौर की आर्थिक चुनौतियां और देश की स्थिति आज की पीढ़ी के लिए जानना जरूरी है। प्रधानमंत्री ने 2013 से आज तक के भारत के बदलाव को रेखांकित करते हुए कहा आज आतंकवाद के खिलाफ भारत निर्णायक कार्रवाई करता है, जम्मू-कश्मीर से नॉर्थ ईस्ट तक शांति बढ़ी है और नक्सलवाद की कमर टूट चुकी है।

'तब भारत को Fragile Five कहा जाता था, आज दुनिया भारत को Fastest Growing Major Economy के रूप में देख रही है।' प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने श्रीराम कॉलेज ऑफ कॉमर्स (SRCC) के शताब्दी समारोह में कहा, "मैं जानता हूं, सच की हुंकार के आगे झूठ की गूंज टिक नहीं सकेगी।" उन्होंने कहा, "ये मोदी है. जो 'माई-बाप' कल्चर के हिमायती हैं, उनके सामने चट्टान बनकर खड़ा है। मेरे अंदर हिम्मत है, इसलिए उस दिन जो कहा था, आज उसकी याद भी दिला रहा हूं। मैं अपना रिपोर्ट कार्ड लेकर आपके सामने आया हूं।"

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को "दिमागी नक्सल" कहे जाने वाले लोगों पर अपना हमला तेज़ करते हुए कहा कि देश उन लोगों पर नज़र रख रहा है, जिन्होंने यह शब्द अपनाया है और जो एक खास एजेंडे को बढ़ावा दे रहे हैं। पहले इस्तेमाल किए गए इस शब्द का ज़िक्र करते हुए पीएम मोदी ने कहा, "मैंने आज़ादी के दिन 'दिमागी नक्सल' शब्द गढ़ा था। दिमागी नक्सल एजेंडे को मंच दे रहे हैं।" इसी बात से तुलना करते हुए उन्होंने कहा कि जब उन्होंने स्वतंत्रता दिवस के भाषण में "दिमागी नक्सल" शब्द का इस्तेमाल किया, तो जिन लोगों की ओर उनका इशारा था, वे खुलकर सामने आ गए।

# दिशा की बैठक में कंगना रनौत का पारा हाई, अधिकारियों को लगाई फटकार; बोलीं- "आप लोगों को शर्म नहीं आती"



मंडी। मंडी से बीजेपी सांसद कंगना रनौत ने जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक में अधिकारियों के कामकाज को लेकर कड़े तेवर दिखाए। केंद्र प्रायोजित योजनाओं और सांसद निधि के तहत चल रहे कार्यों की समीक्षा के दौरान उन्होंने अधिकारियों को जवाबदेही के साथ काम करने की नसीहत दी और जनता के पैसे के सही इस्तेमाल पर जोर दिया। कंगना रनौत ने कहा कि उनके सांसद फंड के तहत लगभग 11 करोड़ रुपये उपलब्ध थे, लेकिन अधिकारियों ने सिर्फ़ 50 लाख रुपये ही खर्च किए। सांसद ने कहा, "मुझे ये बेकार के जुमले (झूठे वादे) मत सुनाइए। हर 'दिशा कमिटी' की बैठक में मुझे यही सुनने को मिलता है।" उन्होंने देरी को लेकर ब्लॉक डेवलपमेंट ऑफिसर्स (BDO) से सवाल किए और खर्च की परफॉर्मेंस रिपोर्ट मांगी। उन्होंने कहा, "जब मैंने 'दिशा कमिटी' की बैठकों में MP-LADS फंड के बारे में पूछा, तो मुझे बताया गया कि 'कोई दिक्कत नहीं है' और लगभग 90 प्रतिशत फंड खर्च हो चुका है।" बैठक में कंगना रनौत ने कहा कि तुम लोगों को डराने के लिए केंद्र से लेटर भेजवाने पड़ते हैं, इसके बावजूद तुम लोग काम नहीं करते हो। मेरे ऑफिस की बात नहीं सुनी जाती। इतना ज्यादा नकारात्मक प्रचार हो रहा है। लोग रील्स बना रहे हैं।

## गोपालगंज में शख्स ने छत पर पहुंचा दी स्कॉर्पियो, वजह जानकर रह जाएंगे हैरान



बिहार के गोपालगंज जिले से एक बेहद ही अनोखा और हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है, जिसने सोशल मीडिया से लेकर इलाके के हर चौक-चौराहे पर चर्चा का माहौल गर्म कर दिया है। आमतौर पर लोग अपने घरों की छतों पर पानी की टंकी, गमले या कपड़े सुखाने का इंतजाम करते हैं। लेकिन गोपालगंज के एक शख्स ने अपनी बहुमंजिला इमारत की छत पर महिंद्रा स्कॉर्पियो क्रेन की मदद से पहुंचाई। अब इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में महिंद्रा स्कॉर्पियो क्लासिक को क्रेन की मदद से सीधे घर की छत पर चढ़ाते हुए देखा जा सकता है। भारी-भरकम SUV को पहले क्रेन से उठाया गया और फिर बेहद सावधानी से दो मंजिला मकान की छत पर उतार दिया गया। अब सबसे बड़ा सवाल है कि आखिर कार को छत पर चढ़ाने की जरूरत क्यों पड़ी? स्थानीय लोगों के मुताबिक, यह मामला मांझा थाना क्षेत्र के मीरा टोला का बताया जा रहा है। यहां रहने वाले मनोज यादव के पास हाल ही में नई स्कॉर्पियो क्लासिक आई थी। बताया जा रहा है कि मनोज यादव इजरायल में नौकरी करते हैं और परिवार में पति-पत्नी ही रहते हैं। मनोज यादव के विदेश जाने के बाद स्कॉर्पियो की देखभाल के लिए ड्राइवर गाड़ी चलाता था। लेकिन कुछ समय बाद ड्राइवर को भी विदेश जाना पड़ा। इसके बाद गाड़ी की सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई। स्थानीय लोगों के अनुसार, गाड़ी चोरी न हो जाए और लंबे समय तक सुरक्षित रहे, इसी वजह से कार को घर की छत पर रखने का अनोखा फैसला लिया गया। इसके बाद क्रेन की मदद से Scorpio को उठाकर घर की दूसरी मंजिल की छत पर पहुंचा दिया गया। वायरल वीडियो में देखा जा सकता है कि क्रेन भारी-भरकम Scorpio को हवा में उठाकर धीरे-धीरे मकान की छत तक पहुंचाती है और फिर उसे छत पर उतार दिया जाता है। वीडियो सामने आने के बाद सोशल मीडिया पर लोग तरह-तरह के सवाल पूछ रहे हैं। कोई इसे कार की सुरक्षा का अनोखा तरीका बता रहा है तो कोई मकान की छत की मजबूती को लेकर सवाल उठा रहा है। हालांकि, छत की भार क्षमता और कार को वहां रखने की सुरक्षा को लेकर कोई आधिकारिक जानकारी सामने नहीं आई है।

# फर्जी इनकम टैक्स और क्राइम ब्रांच अधिकारी बनकर मारा छापा, मांगा 1 करोड़ का एक्सटॉर्शन

**मुंबई की अंधेरी पुलिस ने इनकम टैक्स और क्राइम ब्रांच के अधिकारी बनकर छापा मारने वाले गिरोह का पर्दाफाश किया है।**





महाराष्ट्र में मुंबई की अंधेरी पुलिस ने एक ऐसे गिरोह का पर्दाफाश किया है, जो खुद को इनकम टैक्स और क्राइम ब्रांच का अधिकारी बताकर लोगों के ऑफिस में फर्जी छापा मारता था और फिर कानूनी कार्रवाई का डर दिखाकर मोटी रकम डिमांड करता था। पुलिस ने इस मामले में 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोप है कि इस गिरोह ने एक कारोबारी से 1 करोड़ रुपये का एक्सटॉर्शन मांगा था। पुलिस के मुताबिक, शिकायतकर्ता के ऑफिस में 6 पुरुष और तीन महिलाएं, यानी कुल 9 लोग, साजिश के तहत पहुंचे। आरोपियों ने खुद को इनकम टैक्स और क्राइम ब्रांच का अधिकारी और कर्मचारी बताया, जबकि वे इन विभागों से जुड़े हुए नहीं थे। आरोपियों ने फर्जी सरकारी पहचान पत्र भी दिखाए। इसके बाद आरोपी जबरदस्ती शिकायतकर्ता के ऑफिस में घुस गए। उन्होंने शिकायतकर्ता और उनकी पत्नी को अपने कब्जे में ले लिया। साथ ही शिकायतकर्ता, उनकी पत्नी और ऑफिस में काम करने वाले 10 अन्य कर्मचारियों के मोबाइल फोन भी अपने पास ले लिए। इतना ही नहीं, किसी को भी ऑफिस से बाहर जाने नहीं दिया गया। आरोप है कि इसके बाद आरोपियों ने शिकायतकर्ता को कानूनी कार्रवाई करने की धमकी दी और उनके साथ गाली-गलौज की। कार्रवाई से बचाने के नाम पर आरोपियों ने 1 करोड़ रुपये का एक्सटॉर्शन मांगा।

इसके बाद शिकायतकर्ता ने अंधेरी पुलिस से शिकायत की। पुलिस ने शिकायत के आधार पर अपराध क्रमांक 812/2026 दर्ज किया। आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 61(2), 204, 205, 333, 140(2), 127(1), 351(2) और 308(4) के तहत मामला दर्ज किया गया। मामले की जांच के दौरान पुलिस ने तकनीकी जांच की मदद से आरोपियों की पहचान की और 6 लोगों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अब गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ कर रही है और यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि इस गिरोह में और कितने लोग शामिल हैं। पुलिस फर्जी पहचान पत्र और फर्जी छापे के लिए इस्तेमाल की गई अन्य चीजों के बारे में भी जानकारी जुटा रही है। मामले में आगे की जांच और कानूनी कार्रवाई जारी है।

इससे पहले मुंबई में स्पेशल-26 जैसा मामला सामने आया था, जब नकली क्राइम ब्रांच वालों ने कैफे मालिक से 25 लाख रुपये लूट लिए थे। पुलिस की जांच में अब गिरोह के काम करने के तरीके और उसके नेटवर्क से जुड़ी जानकारी जुटाई जा रही है। अधिकारियों को आशंका है कि आरोपियों ने इसी तरह अन्य कारोबारियों और संस्थानों को भी निशाना बनाया हो सकता है। गिरफ्तार आरोपियों के मोबाइल फोन, संपर्कों और आपसी बातचीत की जांच के जरिए संभावित पुराने मामलों का पता लगाने की कोशिश की जा रही है। जांच एजेंसी यह भी पता लगा रही है कि फर्जी सरकारी पहचान पत्र और छापेमारी से जुड़ी सामग्री कहां से तैयार कराई गई। आरोपियों ने सरकारी अधिकारियों की तरह ऑफिस में प्रवेश करने और कर्मचारियों को डराने के लिए जिस तरीके का इस्तेमाल किया, उसकी भी पड़ताल की जा रही है।

## CM मोहन यादव ने पावर सेक्टर में की नई शुरुआत, सीहोर में हर साल बनेंगे 365 ट्रांसफॉर्मर





द्वारका जिला पुलिस की स्पेशल स्टाफ ने एक बड़े मल्टी-स्टेट साइबर फ्रॉड सिंडिकेट का पर्दाफाश करते हुए छह आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक, इस नेटवर्क से देश के अलग-अलग राज्यों में दर्ज 89 साइबर ठगी की शिकायतें जुड़ी मिली हैं।

इन मामलों में करीब 83.23 करोड़ की रकम शामिल है। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने 109 चेकबुक, 12 मोबाइल फोन समेत बैंक खातों और फर्जी कंपनियों से जुड़े कई दस्तावेज बरामद किए हैं।

पुलिस के अनुसार, यह मामला एफआईआर नंबर 101/26 के तहत भारतीय न्याय संहिता (BNS) की धारा 318(2)/61(2)/3(5) और थाना द्वारका नॉर्थ में दर्ज किया गया था।

साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल पर उपलब्ध शिकायतों के विश्लेषण के दौरान द्वारका सेक्टर-23ए स्थित यस बैंक के एक संदिग्ध खाते का पता चला। जांच में सामने आया कि इस खाते में तेलंगाना, तमिलनाडु और महाराष्ट्र समेत कई राज्यों में हुई साइबर ठगी की रकम पहुंची थी। जांच में पता चला कि आरोपी अलग-अलग नामों से बैंक खाते और फर्म खुलवाते थे। इसके बाद ठगी की रकम को कई खातों के जरिए इधर-उधर किया जाता और बाद में नकद निकाल लिया जाता था।

# ग्वालियर से भोपाल जा रही बस में लगी भीषण आग, करीब 25 यात्री थे सवार, ड्राइवर और क्लीनर पर लगे गंभीर आरोप



ग्वालियर। मध्य प्रदेश में ग्वालियर से भोपाल जा रही बस में आग लगने से हड़कंप मच गया। हालात ये हो गए कि यात्रियों ने बस से कूदकर अपनी जान बचाई। इस दौरान यात्रियों का सामान जलकर खाक हो गया। मिली जानकारी के मुताबिक, बस में करीब 25 यात्री सवार थे। घटना शनिवार रात की है। ग्वालियर के चेतक पुरी इलाके में विवेकानंद तिराहे के पास ग्वालियर से भोपाल जा रही एक वीडियो कोच बस में आग लग गई। आग इतनी भयानक थी कि यात्रियों को बस से कूदकर अपनी जान बचानी पड़ी। बस में करीब 25 यात्री मौजूद थे और आग फैलने की वजह से वह बस से कूदे। हालांकि गनीमत ये रही कि इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ लेकिन यात्रियों का सामान जलकर खाक हो गया। इस घटना के बाद यात्रियों ने बस के ड्राइवर और क्लीनर पर गंभीर आरोप लगाए हैं। यात्रियों का आरोप है कि बस में कोई टेक्निकल समस्या थी इस वजह से स्टाफ ने सफर से पहले उसे रिपेयर किया था। यात्रियों का आरोप है कि बस के ड्राइवर और क्लीनर ने जैसे ही धुआं निकलते देखा तो उन्होंने बस से छलांग लगा दी और किसी यात्री को कुछ नहीं बताया। ड्राइवर और क्लीनर के बस से कूदने पर बाकी यात्रियों में हड़कंप मच गया और वह सभी बुरी तरह डर गए। आग लगने पर यात्रियों ने भी कूदकर जान बचाई। आस-पास से गुज़रने वाले लोगों, वाहन चालकों और ड्यूटी पर न होने वाले पुलिसकर्मियों ने यात्रियों को बाहर निकलने में मदद की और आग पर काबू पाने की शुरुआती कोशिशें कीं।

स्वत्वाधिकारी, स्वामी, प्रकाशक प्रदीप सिंह के लिए मुद्रक ताराचन्द कुमावत महारानी प्रिंटर्स, प्लॉट नं 17, माँ वैष्णो देवी नगर, कालवाड़ रोड़ जयपुर - 302012 ( राजस्थान) से मुद्रित व 1053, सोसाइटी नगर, शहीद भगत सिंह कॉलोनी, पाली, राजस्थान - 306401 (राजस्थान) से प्रकाशित (सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा) समाचार चयन के लिए पी.आर.पी. एक्ट के तहत जिम्मेदार I RNI No. - RJMUL/26/A4290 प्रबंध सम्पादक - प्रदीप सिंह, मो . 9983831415